# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## मार्गशीष माह, शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, रेवती नक्षत्र, पूर्वान्ह 11.31 बजे शुभ मुहूर्त में...

पूर्वान्ह 11.30 बजे शुरू हुआ शपथ ग्रहण समारोह 11.38 बजे समाप्त हुआ

# नई सरकार का आगाज शुरू हुआ 'मोहन राज'



### जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में बुधवार सुबह 11:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह में नव-नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सभी को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 8 से 10 मिनट का रहा।

मुख्य सचिव वीरा राणा ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शपथ ग्रहण कराने के लिए आमंत्रित किया। ठीक 11:30 बजे डॉ. मोहन यादव का शपथ ग्रहण शुरू हुआ। उसके बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और फिर राजेंद्र शुक्ला ने शपथ ली। कार्यक्रम के बाद पीएम ने जनता की ओर हाथ हिलाकर धन्यवाद किया और ⏩ शेष पेज 4 पर

## प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री, मोदी ने पीठ थपथपाई



मोहन यादव मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री हैं। प्रदेश के नए मुखिया के शपथ ग्रहण में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही कोई भाषण नहीं दिया, पर उनके हाव-भाव में भी जनसंदेश छिपा था। मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद डॉ. मोहन यादव उनके पास पहुंचे तो मोदी ने खड़े होकर मुस्कुराते हुए उनकी पीठ थपथपाई।

### राजभवन में हुई घंटे भर बैठक

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से रवाना होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ राजभवन पहुंचे। यहां करीब एक घंटे तक बैठक हुई। ⏩ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद सीधे बाबा महाकाल की शरण में पहुंचे। यहां गर्भगृह में उन्होंने पुजारियों के आचार्यत्व में बाबा महाकाल का महामृत्युंजय मंत्र से जलाभिषेक किया।



### ये दिग्गज बने साक्षी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित 11 प्रदेशों के सीएम व डिप्टी सीएम

### पूर्व मुख्यमंत्री चौहान केंद्रीय मंत्री सिंधिया तोमर साथ पहुंचे

*सुबह 11 बजे के करीब मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया पहुंचे। इसके 14 मिनट बाद यानी 11:14 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे। शाह ने मंच की बाईं तरफ बैठे संतों के पास पहुंचकर उन्हें प्रणाम किया। इसके बाद जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ और बीएल संतोष ने भी संतों के पास पहुंचकर उन्हें प्रणाम किया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह 11:21 बजे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर भी मंच पर पहुंचे। शिवराज ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया।*

## यूपी के सीएम योगी की तर्ज पर मोहन सरकार का 'पहला आदेश'

# मप्र में सभी धार्मिक स्थलों पर 'तेज' आवाज में नहीं बजेंगे... लाउडस्पीकर

धर्मगुरुओं से अपील और अफसरों को आदेश, 31 दिसंबर तक पेश करें एक्शन रिपोर्ट

कमर्शियल, औद्योगिक क्षेत्र और रहवासी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग तय किए पैरामीटर

उत्तर प्रदेश में सरकार ने नियम लागू कराया था, लाउडस्पीकरों को किया था जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने बुधवार शाम को अपना पहला आदेश जारी कर दिया है। गृह विभाग से जारी इस आदेश के मुताबिक धार्मिक और अन्य स्थलों पर नियमों के खिलाफ बजने वाले लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। आदेश के मुताबिक धर्म गुरुओं से संवाद और समन्वय के आधार पर लाउड स्पीकर को हटाने की कोशिश की जाएगी।

ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची बनाई जाएगी जहां नियमों/निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। गौर हो कि इसके पहले उत्तर प्रदेश में भी सीएम योगी ने नियम लागू किया था। यूपी में बड़ी संख्या में लाउडस्पीकर भी जब्त किए गए थे। ⏩ शेष पेज 4 पर



### कैबिनेट के ये भी महत्वपूर्ण फैसले

- *तेंदूपत्ता संग्रह दर 3 हजार रु. प्रति बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रु. प्रति बोरा तय किया गया*
- *मप्र के सभी जिलों में बनेंगे प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज*
- *हर सरकारी कॉलेज में डिग्रियां रखने के लिए डिजिटल लॉकर बनाए जाएंगे*
- *खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया जाएगा। 15 दिसंबर से सभी नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।*
- *आदतन अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। क्राइम कंट्रोल के तहत एक्शन लिया जाएगा।*
- *सायबर तहसील के लिए निर्देश दिए गए हैं।*

⏩ विस्तृत कैबिनेट पढ़े पेज 2 पर

### अदालतों के दिशा-निर्देशों की रोशनी में लिया फैसला

मप्र में धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 के प्रावधानों और सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय ने समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश दिए थे। इसी पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों आदि का उपयोग किया जा सकेगा।






## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी

# छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव ने ली सीएम पद की शपथ



### अरुण साव और विजय शर्मा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭रायपुर

मप्र के बाद छग में भाजपा की नई सरकार का आगाज होने के साथ 'विष्णु राज' बुधवार से प्रारंभ हो गया है।

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कई राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने हिंदी में शपथ ली। शाम को चार बजे सबसे पहले साय को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद पहले उपमुख्यमंत्री के तौर पर अरुण साव और फिर विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### कैबिनेट के बाद सचिवों से वन-टू-वन

नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक गुरुवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में रखी गई है। इसके बाद विभागीय सचिवों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। सभी सचिवों को दो मिनट का वक्त दिया गया है। सूत्रों के अनुसार किसी खास विषय पर जानकारी मांगने पर यह समय बढ़ सकता है।

### मंत्रालय पहुंचकर पदभार किया ग्रहण

नए मुख्यमंत्री साय ने बुधवार शाम को शपथ ग्रहण के बाद मंत्रालय महानदी भवन में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यभार संभाला। यह पहली बार हो रहा है कि मुख्यमंत्री ने कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

### भूपेश-सिंहदेव भी पहुंचे

शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के साथ पहुंचे। वहां बघेल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पास पहली पंक्ति में बैठे थे, वहीं सिंहदेव दूसरी पंक्ति में।




## खबर संक्षेप



### एचई योग मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

**भोपाल।** बिहार योग विवि, मुंगेर से संबद्ध एचई योग मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन बुधवार को स्वामी अनंदधर्मा की अध्यक्षता में किया गया। नई कार्यकारिणी में सर्वसहमति से बसंत कुमार को अध्यक्ष एवं महासचिव सतेंद्र कुमार को चुना गया। फाउंड्री गेट के सामने 68/सी-2/ ए - सेक्टर, पिपलानी, बीएचईएल में एचई योग मित्र मंडल का केंद्र है।

### मित्तल ओरेशन अवॉर्ड से डॉ. पंकज सम्मानित



**भोपाल।** राजधानी एम्स के सीएफएम विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज प्रसाद को इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन कॉन्फ्रेंस में मित्तल ओरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मेलन का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज विदिशा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया था।

### भारतीय भाषा उत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर में भारतीय भाषा उत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसकी शुरुआत मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर अभियान से हुई, जिसमें निटर में प्रशिक्षण लेने वालों ने अपनी भाषाओं में हस्ताक्षर करके सक्रिय रूप से भाग लिया।

### एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल के स्टाफ के बच्चों को मिलेगा सीधे प्रवेश

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में पदस्थ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ अब अपने बच्चों का इन स्कूलों में सीधे प्रवेश करा सकेंगे। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। इन स्कूलों में पदस्थ स्टाफ के अधिकतम दो बच्चों का प्रवेश कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में दिया जा सकेगा। इनके प्रवेश के लिए चयन परीक्षा उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं होगी।

### मैनिटः 18 से शुरू होगी बीटेक, एमटेक प्रथम सेम की परीक्षाएं

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान ने एग्जामिनेशन का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। इसके तहत बीटेक, बीटेक एमटेक ड्यूअल डिग्री, बीआर्क, बीप्लान, एमटेक, एमप्लान, एमएससी (सभी प्रथम सेमेस्टर) की परीक्षाएं 18 दिसंबर से शुरू होंगी। परीक्षाएं 23 दिसंबर तक चलेंगी। मैनिट की ऑफिशियल वेबसाइट पर टाइम टेबल अपलोड कर दिया गया है। यूजी की परीक्षाओं का समय सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक है। परीक्षार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी तरह का डिवाइस और मोबाइल परीक्षा हॉल में न लाएं।

### आज और कल किया जाएगा 'अनुगूंज' 2023 का आयोजन

**भोपाल।** मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज का आयोजन आगामी 14 और 15 दिसंबर को किया जाएगा। 'श्वर्ड क्लासिक्स' की केन्द्रीय थीम से सजे अनुगूंज का यह पांचवां आयोजन है। प्रथम दिवस 14 दिसंबर को अनुगूंज के धनक भाग में वाद्यवृन्द, गीत संगीत की जुगलबंदी, भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य, फ्यूजन और पश्चिमी नृत्य आदि प्रस्तुतियां होंगी। वहीं द्वितीय दिवस श्रंगकार के अंतर्गत छाऊ शैली में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

---

### हरिभूमि से बोले गुरु-सार्थक हुई मेरी 55 साल की यात्रा

# संस्कृति विभाग का राष्ट्रीय तानसेन सम्मान पं. गणपति भट्ट और गुरु सक्सेना को मिलेगा राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2022 के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय तानसेन सम्मान पं. गणपति भट्ट, कर्नाटक, राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान गुरु सक्सेना, नरसिंहपुर एवं राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान मालव लोक कला केन्द्र, उज्जैन को दिए जाने की घोषणा की गई है। इस अवसर पर हरिभूमि ने पं. गणपति भट्ट एवं गुरु सक्सेना से बातचीत की तो उन्होंने अपनी संगीत व काव्य यात्रा के बारे में बताया।

हरिभूमि चर्चा



पं. गणपति भट्ट



गुरु सक्सेना

### कर्नाटक के छोटे से गांव हसनगी में 200 से भी अधिक शिष्यों को दी नि.शुल्क संगीत शिक्षा

**पंडित गणपति भट्ट गुरु के आदेश पर लाइव कंसर्ट में मैंने आंखे बंद की सुर छेड़ा, जिसे उन्होंने बेहद सराहा**

प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित गणपति भट्ट कर्नाटक में एक छोटे से गांव हसनगी में रहते हैं और वहीं पर अपना गायिकी का काम करते हैं। इस गांव में ही रहकर उन्होंने गुरुकुल के रूप में 200 से भी अधिक शिष्यों को निःशुल्क संगीत की शिक्षा दी। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं कम उम्र से ही हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को लेकर बहुत उत्साहित था और मेरे बगल वाले घर में ही स्वर्गीय बसवराज राजगुरु रहते थे, मैंने उनसे संगीत सिखने की इच्छा जाहिर की तो उन्होंने मुझे अजमाया कभी सुबह 4 बजे तो कभी सुबह 6 बजे बुलाते और मैं वहां जाता,। इस प्रकार छ माह सिखाने के बाद उन्होंने एक बार एक लाइव कंसर्ट में मुझे आदेश दिया कि सुर लगाओ और मैंने आंखे बंद करके सुर लगाया, जो उन्हें इतना पसंद आया कि उन्होंने मुझे अपना शिष्य बना लिया और उनकी मृत्यु तक मैं उनसे गुरु शिष्य परंपरा से जुड़ा रहा।

**'कल के कलाकार' कार्यक्रम में पंडित जसराज ने मंच से की प्रशंसा**

उन्होंने कहा कि 1983 में 'कल के कलाकार' नामक एक संगीत शो में मैंने भाग लिया, जिसमें पंडित जसराज, पं भीमसेन सहित बड़े बड़े कलाकार आए, जिसमें जसराज ने मेरी बहुत प्रशंसा की और यह सम्मान मुझे मिला। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी इस कला को दो महान गुरुओं, स्वर्गीय बसवराज राजगुरु और पंडित सीआर व्यास से सीखा। साथ ही सवाई गंधर्व, बसवराज राजगुरु और पंचकशी गवई जैसे प्रसिद्ध परिवारिकों की संगीत परंपरा का एक हिस्सा रहा।

**75 मिनट के प्रदर्शन में मधुकाऊंस और बागेश्वरी को गाया**

उन्होंने बताया कि 1985 पूणे में प्रसिद्ध सवाई गंधर्व समारोह में मेरा प्रदर्शन बहुत ही उल्लेखनीय रहा, जिसमें मैंने अपने 75 मिनट के प्रदर्शन में मधुकाऊंस और बागेश्वरी को गाकर दर्शकों के दिलों को जीत लिया।

**100 से भी अधिक प्रकार छंदों के लिए दिए 55 से भी अधिक साल**

प्रदीप सम्मान मिलने पर पंडित कवि गुरु सक्सेना ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि संस्कृति विभाग ने मुझे इस लायक समझा। इस निर्णय से मेरी 55 साल की यात्रा आज सार्थक हुई लगती है, क्योंकि मैं करीब 50 सालों से छंदों के ऊपर ही कार्य कर रहा हूं और मैं 100 से भी अधिक प्रकार के छंदों पर काम किया है। उन्होंने कहा कि काव्य के दौरान छंदों पर गहरी पकड़ होना बहुत जरूरी है और इसी वजह से मेरी छंदों के प्रति एक अलग ही लगाव रहा।

**25 साल तक हास्य कवि के रूप में मंच को साधा है**

उन्होंने कहा कि रामचरित्र मानस में मेरा बचपन से ही गहरा लगाव रहा, और नवीं दसवीं कक्षा से ही मैं मंच पर काव्य प्रस्तुति देता रहा। इसके साथ ही करीब 25 साल तक हास्य कवि के रूप में मैंने मंच को साधा है, लेकिन मुझे कुछ कार्य छंद से रिलेटेड करना चाहिए। इसीलिए हम लोगों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है जिसमें अलग-अलग राज्यों के कवि जुड़े हैं, जो छंद पर ही डिस्कस करते हैं। इससे छंद पर मेरी पकड़ गहरी होती गई।

**छंद व्याकरण किताब, श्रवण चरित्र महाकाव्य होंगी प्रकाशित**

उन्होंने कहा कि मेरी 12 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं और आने वाले समय में छंद व्याकरण किताब, श्रवण चरित्र महाकाव्य और लंबी कविताओं की किताब प्रकाशित होने वाली है।

---

### भोपाल हाट में जारी नेशनल हैंडलूम एक्सपो में कॉलेज स्टूडेंट्स ने दिखाई क्रिएटिविटी



कश्मीरी स्टाइल कुर्ती विथ बिहार का मधुबनी प्रिंटेट केप।



पश्चिम बंगाल की कांथा वर्क (कढ़ाई) की डिजाइनर साड़ी विथ ऑफ शोल्डर ब्लॉउज।



तमिलनाडु की कांचीपुरम सिल्क साड़ी विथ शर्ट।



बिहार-झारखंड की टसर सिल्क साड़ी में 'मॉडर्न साड़ी ड्रेपिंग स्टाइल'

# किसी ने शॉल का बनाया स्कर्ट, किसी ने रनिंग मटेरियल से बना डाली डिजाइनर इंडो-वेस्टर्न ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### साड़ी, शॉल, ड्रेस मटेरियल इंडो-वेस्टर्न स्टाइल में प्रदर्शित

भोपाल हाट में जारी नेशनल हैंडलूम एक्सपो के अंतर्गत बुधवार की शाम फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट क्रिएशन को बहुत ही अनोखे अंदाज में दर्शाया गया। इस फैशन शो में नूतन, एक्सीलेंस, आईआईएफडी, वूमंस पॉलिटेक्निक सहित कई कॉलेज की स्टूडेंट्स ने मॉडल के रूप में वीवर्स के डिजाइनर कलेक्शन प्रस्तुत किया, जिसमें किसी ने साड़ी ड्रेपिंग को अलग अंदाज में पहना तो किसी ने इंडियन टेक्सटाइल को इंडो वेस्टर्न पैटर्न में पहनकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस फैशन शो में करीब 40 मॉडल्स ने मेले में आए वीवर्स की डिजाइनर ड्रेसेस को प्रदर्शित किया।





इस फैशन शो के माध्यम से कश्मीर, बंगाल, बिहार, लद्दाख सहित कई राज्यों से आए वीवर्स के द्वारा लाए गई साड़ी, शॉल, ड्रेस मटेरियल को इंडो वेस्टर्न स्टाइल में प्रदर्शित किया। किसी ने कश्मीरी साड़ी शॉल को स्कर्ट बनाया तो किसी ने ड्रेस मटेरियल को इंडो वेस्टर्न स्टाइल में टीमअप करके पहना।




कश्मीरी वूलन प्रिंटेट फेब्रिक से डिजाइनड 'इंडो वेस्टर्न ड्रेस'

---

### मध्यप्रदेश लेखक संघ का गजल रंग आयोजित

# जीवन क्या है, इक बवाल है बाबूजी, बस दो रोटी का सवाल है बाबूजी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




अगर हमें हिन्दी को बचाना और बढ़ाना है तो पहल हमें ही करना होगी। इसी विचार से इसबार विश्वरंग को विश्व भाषा बनाने के अलावा राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयासों का माध्यम बनाया जाएगा। यह कहना था विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे का जो मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा विश्वरंग के पूर्व रंग गजल रंग के मुख्य अतिथि थे। सारस्वत अतिथि मुकेश वर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विश्व रंग महोत्सव भारतीय उपमहाद्वीप की भाषाओं के साहित्य के संवर्धन, आवश्यक गतिविधियों के विस्तार के लिए संकलपबद्ध है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए विश्व रंग महोत्सव में 56 देशों को जोड़ा गया है।

**उसकी सारी सुबह खा गई दोपहर...**

इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ गजलकारों ने अपनी बेहतरीन गजलों का वाचन किया, जिसमें डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने जीवन क्या है इक बवाल है बाबूजी, बस दो रोटी का सवाल है बाबूजी... और विजय वाते ने सिर पे साया उसे जो मिला ही नहीं, उसकी सारी सुबह खा गई दोपहर... सुनाई।

### मनोज वाजपेयी आए भोपाल...



भोपाल। मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज वाजपेयी बुधवार को भोपाल पहुंचे। वे एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए राजधानी भोपाल पहुंचे हैं।

---

### दो दिवसीय स्मृति प्रसंग के अंतर्गत वक्तव्य एवं 'वृत्तिनाशक- बैले' का मंचन

# मानवीय मूल्यों का फिल्मों में होना ही उसे लंबे समय तक हमारी स्मृति में रखता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रतिष्ठित फिल्म विश्लेषकों श्रीराम ताम्रकर एवं सुनील मिश्र को समर्पित दो दिवसीय स्मृति प्रसंग का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी कैंपस में, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी और टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया।

पहले दिन के पहले चरण में डॉ. संतोष चौबे, डॉ. सोनाली नरगुन्दे एवं संजीव श्रीवास्तव का वक्तव्य हुआ। डॉ. संतोष चौबे ने फिल्म कला के बदलते आयाम विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रेम और अन्य मानवीय मूल्यों के अभाव में सिनेमा सार्थक और प्रभावी नहीं हो सकता। कला की प्रत्येक विधा उस समय के साहित्य को प्रस्तुत करती है।



**सुनील मिश्र के लिखित नाटक 'वृत्तिनाशक- बैले' का मंचन**

दूसरे चरण में नाट्य प्रदर्शन के तहत सुनील मिश्र द्वारा लिखित नाटक 'वृत्तिनाशक- बैले' का मंचन हुआ, जिसे वैशाली गुप्ता ने निर्देशित किया। जातक कथा पर आधारित यह प्रस्तुति शांति और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों की उद्घोष करती है। इस स्मृति प्रसंग के अवसर पर संस्कृति संचालनालय की उप संचालक वंदना पांडेय, फिल्म विश्लेषक मनमोहन चड्ढा, संजीव श्रीवास्तव, ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### गुलाब प्रदर्शनी 12, 13 एवं 14 जनवरी को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश रोज समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक में आगामी गुलाब प्रदर्शनी के कार्यक्रम को निश्चित किया गया। यह प्रदर्शनी 12, 13 एवं 14 जनवरी 2024 को शासकीय गुलाब उद्यान में आयोजित की जाएगी। उद्यानों में प्रवेश पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2023 है तथा उद्यानों का निरीक्षण 30 बाय 31 दिसंबर को होगा। प्रदर्शनी के लिए गमले 12 जनवरी को लिए जाएंगे और उसी दिन इनका निरीक्षण होगा। यह जानकारी रोज समिति के सचिव एस एस गदरे ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी को देखने इस वर्ष उरुग्वे, जर्मनी, स्वीडन से अंतरराष्ट्रीय परीक्षक आने वाले हैं। वह इस बात का निरीक्षण करेंगे कि भोपाल में वर्ल्ड रोज फेडरेशन के 2028 में आयोजित होने वाले अधिवेशन के लिए कैसी तैयारी है।

### मप्र संस्कृति विभाग की नवीन मासिक श्रृंखला 'अनुश्रुति'

# प्रदेश व देश के प्रख्यात गायक कलाकार 15 और 16 दिसंबर को देंगे प्रस्तुतियां

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग की नवीन मासिक श्रृंखला 'अनुश्रुति' के तहत प्रथम आयोजन 15 एवं 16 दिसंबर को होने जा रहा है। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग भोपाल सहित सम्पूर्ण प्रदेश में सांस्कृतिक संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से अनुश्रुति श्रृंखला का शुभारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा कलाकारों को मंच प्रदान किया जा सके। इस श्रृंखला के तहत रवीन्द्र भवन सभागार में 15 दिसंबर को सायं 5 बजे सबसे पहले मैहर कॉलेज बैंड, मैहर द्वारा वादन, इसके बाद वाणी राव एवं साथी, भोपाल द्वारा गजल गायन तथा अंतिम प्रस्तुति के रूप में लक्ष्य कपूर एवं साथी, मुंबई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। 16 दिसंबर सायं 5 बजे से निनाद वृंद, भोपाल द्वारा संतूर वादन, सलीम अल्लाह वाले एवं साथी, भोपाल द्वारा गजल गायन एवं शरद शर्मा एवं साथी, मुंबई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

## राजधानी

### सीएम मोहन ने की विजयर्गीय से मुलाकात



बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के निवास जाकर भेंट की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यभार संभाला, मुख्य सचिव से की चर्चा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री कुंवर विजय शाह, मुख्य सचिव वीर राणा और अनेक वरिष्ठ अधिकारी,अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभालने के बाद कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री प्रति कक्ष में पहली बैठक में मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

### 11 महीने में दो हजार 385 को पकड़ा ट्रेन की चैन खींचते, 15 लाख जुर्माना वसूला

**भोपाल।** भोपाल मंडल में बेवजह ट्रेन की चेन खीचने वालों से रेल प्रशासन ने 15 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला है। जनवरी से नवंबर के बीच 11 महीने में दो हजार 385 लोगों को रेलवे ने पकड़ा और कोर्ट में केस पेश किए। बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा 141 के तहत कार्रवाई करने, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है। इस साल 11 माह महीने में कुल चार हजार 219 चेन पुलिंग के मामलों में से अनाधिकृत रूप से चेन पुलिंग के दो हजार 385 मामले पाए गए। इन मामलों को रेल न्यायालय भोपाल में पेश किया गया, जिनसे कुल 15 लाख 16 हजार 780 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।



### ठंड भरी रात में उल्का वर्षा आज

**भोपाल।** 14 दिसंबर की रात्रि होने वाली है बेहद खास । शाम 7 बजे के पहले ही दूज के पतले हंसियाकार चंद्रमा के अस्त होने के बाद अंधेरे पूर्वी आकाश में जेमिनीड उल्का बौछार के दिखने की शुरुआत होगी। आकाश की इस प्राकृतिक आतिशबाजी की जानकारी देते हुए नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि यह वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा होगी, जिसमें प्रति घंटे लगभग 120 से 150 तक उल्काओं को देखने की संभावना रहगी। यह उल्का 35 किमी प्रति सेकंड के वेग से नीचे आते दिखेगी।

### दिल की जांच के लिए मरीजों को होना पड़ता है परेशान

# जेपी अस्पतालः छह साल से धूल खा रही 14 लाख की टीएमटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मॉडल अस्पताल जेपी में 14 लाख रुपए की टीएमटी मशीन छह साल से धूल खा रही है। हृदय रोग की पहचान में मददगार यह मशीन आठ वर्ष पूर्व खरीदी गई थी। शुरुआत के दो वर्षों में इस मशीन में एक सैकड़ा मरीजों की भी टीएमटी नहीं हो पाई और मशीन खराब हो गई। मशीन को ठीक करने में सिफ दो लाख रुपए का खर्च है, लेकिन यह ठीक नहीं हो पा रही है। यह स्थिति तब जब स्वास्थ्य विभाग इस मशीन के साथ अन्य मशीनों के मेंटेनेंस के लिए हर साल तकरीबन 20 करोड़ रुपए खर्च करता है।

जानकारी के मुताबिक मेंटेनेंस कंपनी छोटे मोटे काम तो कर देती है, लेकिन बड़े कामों से हाथ खींच लेती है। जेपी अस्पताल में बंद पड़ी टीएमटी मशीन इसकी बानगी है। मामले में प्रबंधन का तर्क है कि अब अस्पताल में कार्डियक यूनिट बनाई जा रही है। इसमें टीएमटी सहित दिल की सभी जांच की जाएगी।

**बाहर से जांच कराने पर लग रहे दो हजार**

जेपी अस्पताल में टीएमटी की जरूरत वाले आठ से दस मरीज रोज पहुंचते हैं। मशीन खराब होने के कारण यहां जांच नहीं हो पाती है, नतीजतन मरीजों को बाजार में यह जांच करवानी पड़ती है जिसके लिए मरीजों को दो हजार रुपए तक देना पड़ते हैं।

**ऐसे जांच करती है मशीन**

मशीन में एक तरह की मूविंग बेल्ट लगी है। जिस पर चलते समय सांस फूलने, हार्ट ब्लॉकेज जैसी बीमारी का ईसीजी के जरिए पता लगाया जाता है। यह कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट मशीन है। इससे हार्ट की नसों में रुकावट और दिल को सही तरह से खून मिलने का पता लग जाता है।

**लंबे समय से खराब है**

मशीन लंबे समय से खराब है, हमने लिखकर विभाग को भेज दिया है। वैसे अस्पताल में एडवांस कार्डियक यूनिट तैयार हो रही है। वहां सभी जांच होंगी।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**
अधीक्षक, जेपी अस्पताल

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



संसद पर हमले की 22 वीं बरसी के दिन ही लोकतंत्र के मंदिर में फिर 'सेंधमारी'

**बड़ा सवाल : तीन लेयर की सुरक्षा में बड़ी कमी, जिम्मेदार कौन? क्या घुसने वाले लोगों का खालिस्तानी या नक्सली कनेक्शन?**

## विजिटर्स गैलरी से सांसदों की बेंचों पर कूदे दो शख्स, सांसदों ने पकड़कर की अच्छी 'कुटाई'

# संसद के अंदर-बाहर धुआं-धुआं... जूते में स्मॉक पावडर लेकर घुसे थे युवक

जांच एजेंसियों को अभी तक पूछताछ में पता नहीं चल सका कि इन लोगों का इस तरह घुसने के पीछे क्या था मकसद?

घटना के बाद संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश अगले आदेश तक के लिए रोक दिया गया

### घुसने वाले ये थे

- सागर शर्मा और मनोरंजन, दोनों मैसूर के
- अमोल शिंदे, लातूर का
- नीलम, हरियाणा की

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

संसद भवन पर साल 2001 में हुए हमले की 22वीं बरसी पर लोकसभा में बुधवार को पूर्वान्ह 11.45 बजे उस समय अफरातफरी देखने को मिली, जब दो संदिग्ध दर्शक दीर्घा से सांसदों की बेंच पर कूद गए। ये दोनों शख्स कुछ नारे लगा रहे थे और सांसदों की बेंच पर दौड़ते हुए स्पीकर की तरफ बढ़ रहे थे। तभी कुछ सांसदों और सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े जाने से पहले दोनों युवकों ने अपने जूते खोल दिए, जिस वजह से वहां धुआं ▶▶शेष पेज 4 पर





### जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई?

जिन लेयर्स पर सुरक्षाकर्मी तैनात थे और सुरक्षा का जिम्मा जिन अफसरों पर था, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई? इसका खुलासा नहीं। हालांकि, इस हंगामे का खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया था। स्मॉक पावडर को संसद के अंदर आखिर कैसे पहुंचा? एफएसएल की टीम ने क्या सबूत जुटाए?

ठीक 22 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को संसद पर आतंकी हमला हुआ था। संसद परिसर में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी गई



### राहुल गांधी सीट से नहीं हिले 1 इंच भी

*राहुल गांधी अपनी सीट पर खड़े हुए और हैरान-परेशान दिखे। हालांकि, राहुल गांधी हमले के दौरान खड़े होकर इधर-उधर देखते रहे।*

### मैसूर के सांसद प्रताप सिम्हा के अतिथि के तौर पर आया था 'सागर'

*सांसद दानिश अली ने कहा कि एक व्यक्ति का पास निकाला तो पता चला कि उसका नाम सागर है और वह मैसूर के सांसद प्रताप सिम्हा के अतिथि के तौर पर आया था। समाजवादी पार्टी के सांसद एस टी हसन ने कहा कि दर्शक दीर्घा से दो लोग लोकसभा कक्ष में कूदे और जूते से कुछ ऐसी चीज निकाली, जिससे गैस फैलनी शुरू हो* ▶▶शेष पेज 4 पर

### युवक को दबोचने वाले सांसदों ने बताया

**हनुमान बेनीवाल ने एक को दबोचा बोला-साहब हम प्रोटेस्ट कर रहे हैं**

*नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने सुरक्षा में चूक का मामला उठाते हुए कहा कि जिस तरह वह अंदर आए वह कुछ भी कर सकते थे, बेनीवाल ने कहा कि अगर वह किसी भी सांसद के ऊपर चाकू से हमला कर देते तो? सुरक्षा गाड्‌र्स को पहुंचने में वक्त लग रहा था, हम सांसदों ने मिलकर उन लड़कों को पकड़ा, उनमें से एक कह रहा था कि साहब हम प्रोटेस्ट कर रहे हैं, आखिर यह प्रोटेस्ट किस चीज का था। आखिर इस ही दिन को क्यों चुना गया? यही दिन जब हमारी संसद पर हमला हुआ था। सांसद मलूक नागर ने मीडिया को बताया कि जब संदिग्ध सदन में कूदे थे, उस वक्त वहां एक महिला सुरक्षाकर्मी थी। वह महिला बुरी तरह रो रही थी। उसकी बेहोशी जैसी हालत हो गई थी। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने दर्शक दीर्घा से कूदने वाले शख्स को पकड़ा। युवक कुछ तानाशाही-तानाशाही चिल्ला रहे थे। लेकिन उस* ▶▶शेष पेज 4 पर

**पकड़े गए सेंध लगाने वाले**



संसद भवन के बाहर पीले रंग का धुंआ छोड़ रही कैन लेकर प्रदर्शन कर रही नीलम नाम की महिला और अमोल को पुलिस कर्मियों ने हिरासत में ले लिया।

**सांसदों ने कर दी पिटाई**



सार्वजनिक गैलरी से दो लोग लोकसभा कक्ष में कूदे तो कुछ सांसद युवक पर टूट पड़े और पकड़कर पिटाई कर दी।

**पुलिस टीमें जांच में जुटीं**



संसद परिसर में रंगीन गैस का छिड़काव करने की पुलिस कर्मी जांच करते हुए।

### हमारे पास आवाज उठाने का कोई माध्यम नहीं - नीलम बाहर कर रही थी यह नारेबाजी

42 साल की नीलम हरियाणा के हिसार स्थित रेड स्क्वेयर मार्केट की रहने वाली है। वो कह रही थी- मेरा नाम नीलम है। भारत सरकार हमारे ऊपर अत्याचार करती है। हकों की बात करने पर लाठीचार्ज करके हमें जेल के अंदर डाला जाता है। टॉर्चर किया जाता है। हमारे पास आवाज उठाने का ▶▶शेष पेज 4 पर

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने छह दिन पहले दी थी संसद पर हमले की धमकी

खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने छह दिन पहले एक वीडियो जारी कर 13 दिसंबर को संसद पर हमले की चेतावनी दी थी। पन्नू ने कहा था कि भारत ने उसकी हत्या की योजना बनाई थी, जो सफल नहीं हुई। इसकेजवाब में 13 दिसंबर को संसद पर हमला करेगा। ▶▶पढ़ें पेज 08 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### डॉ. कुसमरिया ने संभाला पिछड़ा वर्ग आयोग का पदभार

**भोपाल।** राज्य के पूर्व कृषि मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने बुधवार को मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पहले श्यामला हिल्स स्थित आयोग के कार्यालय पहुंचे डॉ. कुसमरिया का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने आयोग की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि वे शीघ्र ही जिलों का दौरा कर पिछड़ा वर्ग के कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे।



### उफ ये हादसा : चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

## पांच लोगों को रौंदते चली गई बस यात्रियों ने किसी तरह लगाया ब्रेक

◆ हादसे के बाद नोएडा-लखनऊ हाईवे पर जाम लगा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा में रोडवेज बस चलाते वक्त ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद 30 सवारियों से भरी बस बेकाबू हो गई और आगे जा रहे 5 बाइक सवार को रौंद दिया।

हादसे में 3 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक की हालत गंभीर है। सवारियों ने ही किसी तरह से बस को रोका। ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास बुधवार दोपहर 12:20 बजे ▶▶शेष पेज 4 पर





**बस में बेसुध पड़ा था ड्राइवर**

हादसे के वक्त बस नोएडा से बुलंदशहर जा रही थी। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास अचानक ड्राइवर ब्रह्म सिंह के सीने में दर्द हुआ। बस ने दो बाइकों को टक्कर मारी और रौंद दिया, तब यात्रियों का ध्यान ड्राइवर पर गया। ड्राइवर बेसुध पड़ा था। यात्रियों में से कुछ ने किसी तरह से बस में ब्रेक लगाया। बाइक सवार मृतकों की पहचान सुशील (35), बुलंदशहर निवासी करन (32) और हाथरस निवासी बदन सिंह (37) के रूप में हुई है। जबकि, एटा के रहने वाले कमलेश (39) घायल हैं। बदन और कमलेश आपस में जीजा साले हैं। दूसरी बाइक पर सवार करन और सुशील दोस्त थे। करन दनकौर में बहन के यहां रहकर दिल्ली पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहा था।बस के ड्राइवर बुलंदशहर के सलेमपुर का रहने वाला है।

**फौजी बेटे ने की क्रूरता की हदें पार...**

## बुजुर्ग माता-पिता को पहले बेरहमी से पीटा फिर पिलाई पेशाब, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

बैतूल से मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है ,जहां एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग माता पिता को पहले बेरहमी से पीटा इसके बाद उन्हें कथित तौर पर पेशाब पिलाई। इसके बाद भी जब बेटे का मन नहीं भरा तो उसने अपने पिता की मूछें तक काट डाली। साथ ही रातभर अपने घरवालों को पीटता रहा। जिसकी वजह से बुजुर्ग दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बात की जानकारी जब परिजनों को लगी तो उन्होंने दोनों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उनका इलाज जारी है। साथ ही ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। यह मामला बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाले ▶▶शेष पेज 4 पर

**आरोपी के खिलाफ धारा 323, 294, 506 के तहत प्रकरण दर्ज, अभी गिरफ्तारी नहीं**



### लोगों ने कुत्ते को लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला

## कुत्ते ने मासूम का चेहरा 'नोंचा' कान से गाल तक आए 17 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के माचलपुर क्षेत्र से एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 9 साल की मासूम बच्ची पर आवारा कुत्ता टूट पड़ा।

उसने मासूम के चेहरे को नोंच खाया। जख्म इतना बड़ा है कि उसे गाल से लेकर कान तक 17 टांके आए हैं। घटना से गुस्साए लोगों ने कुत्ते को लाठियों से पीट पीटकर मार डाला। पूरी घटना बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल बच्ची अर्पिता गुर्जर बचपन से अपने मामा ▶▶शेष पेज 4 पर

**पहले भी 4 लोगों को काट चुका था कुत्ता**



### लिव-इन पार्टनर पर हत्या का आरोप

## शारीरिक संबंध बनाने से इंकार करने पर कैंची घोंपकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

शहर के राघव बाजार क्षेत्र में लिव-इन पार्टनर ने गर्लफ्रेंड के गले में कैंची घोंपकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने अब इस मामले में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 20 साल की युवती के लिव-इन पार्टनर को हत्या के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस का कहना है कि युवती की दोस्ती आरोपी से इंस्टाग्राम पर हुई थी। इसके बाद युवती आरोपी के साथ किराये के घर में रहने लगी। जानकारी के ▶▶शेष पेज 4 पर

**हत्या के बाद घर में बाहर से ताला लगाकर हुआ था फरार**



### आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारतीय टीम का जलवा

## रिंकू सिंह ने लगाई लंबी 'छलांग', रोहित शुभमन बराबरी पर...सूर्या को भी फायदा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतक लगाने वाले रिंकू सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं।

उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक 12 दिसंबर को लगाया। अगले ही दिन आईसीसी टी20 रैंकिंग में उन्हें बड़ा फायदा हुआ। रिंकू को 46 पायदान का फायदा हुआ और वह अब 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रिंकू का रेटिंग अंक 464 है। उन्होंने इस मामले में भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा, ओपनर शुभमन गिल और बांग्लादेश के आफिफ हुसैन की बराबरी कर ▶▶शेष पेज 4 पर



### तिलक वर्मा को 10 स्थानों का फायदा

सूर्यकुमार ने दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पर बढ़त बढ़ा ली है। रिजवान के 787 रेटिंग अंक हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम के 758 रेटिंग अंक हैं। उनके साथी खिलाड़ी रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक स्थान ऊपर ▶▶शेष पेज 4 पर

### मोहन यादव के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले शिवराज ने विदाई ले ली

शिवराज वापस जाने लगे तो भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेरा लगे 'मामा-मामा' के नारे लगे

## मित्रो, अब बस विदा...जाते-जाते शिवराज सिंह बोले- 'जस की तस धर दीनी चदरिया'

**सियासी चर्चाएं तेज कि शिवराज अब आगे क्या करेंगे? क्या, उन्होंने सच में विदाई ले ली है या पार्टी उन्हें कुछ और जिम्मेदारी देगी?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भाजपा विधायक दल के नेता मोहन यादव ने बुधवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यादव के मुख्यमंत्री बनते ही शिवराज सिंह चौहान अब पूर्व मुख्यमंत्री हो गए हैं।

वे अपनी परफॉर्मेंस से पूरी तरह संतुष्ट हैं। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2023 के लिए शिवराज सिंह को आगे ▶▶शेष पेज 4 पर



**मेरे बारे में फैसला पार्टी करेगी**

*हालांकि, उन्होंने खुद अपना फ्यूचर प्लान बताते हुए कहा है कि उनके बारे में फैसला वे नहीं पार्टी करेगी। अब देखना यह होगा कि पार्टी शिवराज को लेकर क्या फैसला करती है क्या लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल में उन्हें जगह दी जाती है। क्या उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाया जाता है।*

### भीड़ ने शिवराज को घेरा, लाड़ली बहना रोईं

*शपथ ग्रहण समारोह खत्म होने पर जब शिवराज वापस जाने लगे तो भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। सुरक्षाकर्मी कुछ देर के लिए असहज हो गए। मामा-मामा के नारे लगे तो शिवराज ने हाथ जोड़कर अभिवादन करना शुरू कर दिया। उन्होंने ड्राइवर को कार की साइड विंडो खोलने के लिए कहा। वे कुछ वक्त तक कार में बैठे-बैठे ही लोगों* ▶▶शेष पेज 4 पर

# मप्र की राजनीति के लिए अभूतपूर्व घटनाक्रम, अपेक्षाओं और चुनौतियों के बीच नई सरकार का पहला कदम, अपनी कुशल कार्यक्षमता से प्रदेश में विकास के नए सोपान गढ़ेंगे सीएम मोहन

भोपाल। शपथ ग्रहण के बाद जनता की मप्र के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उम्मीदें बढ़ गई है। प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक चुनौतियों को लेकर उनके रुख और निर्णयों को लेकर हरिभूमि ने वरिष्ठ पत्रकारों और ज्योतिषाचार्य से चर्चा कर उनकी राय जानी।

हरिभूमि चर्चा

## सरकार को शिवराज कार्यकाल से अलग दिखाने के लिए अधिक मेहनत और अनुशासन बरतना होगा

मप्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव ने शपथ ग्रहण कर ली है। यानी भाजपा की सरकार यथावत है, लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया। डॉ. यादव को सहयोग करने के लिए दो अनुभवी नेता जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री का दायित्व दिया गया है। प्रदेश की राजनीति के लिए यह एक अभूतपूर्व घटनाक्रम है। प्रदेश में अब 163 सीटे जितवा कर देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बहुत ही सहजता से कुर्सी से अलग हो गए। यह भाजपा में ही संभव है। भारतीय जनता पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज का हटना पहले ही तय हो चुका था। डॉ. मोहन यादव को सबसे पहले तो यह सिद्ध करना है कि केंद्र की सरकार में मंत्री और संसद के रूप में काम करने वाले नेताओं के साथ उन्हें कैसे सामंजस्य स्थापित करना है। दूसरा उन्हें प्रदेश में उनके सीनियर नेताओं के साथ तालमेल बिठाकर अपने विजन को क्रियान्वित करना है। ऐसा माना जा सकता है कि कार्यकर्ताओं के साथ प्रादेशिक नेतृत्व का उन्हें सहयोग मिलेगा और वह इस बाधा दौड़ में विजयी हो जाएंगे। इसके अलावा एक और चुनौती विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन के लिए आर्थिक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने वाली रहेगी। चुनाव से पहले जिस प्रकार की योजनाएं घोषित की गई हैं उनके लिए आर्थिक व्यवस्था जुटाना और उन आर्थिक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने के बाद विकास कार्यों की लय बरकरार रखना बड़ी चुनौती है। कई बार लगता है नई सरकार के सामने आर्थिक मुशिकल जैसी स्थितियां रहेगी।



जीएसटी लगने के बाद कर संचय के अधिकार राज्यों के पास कम हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अपने आप को शिवराज कार्यकाल से अलग दिखाने के लिए अधिक मेहनत और अनुशासन बरतना होगा। तत्कालीन वित्त मंत्री और जनसंपर्क मंत्री को उपमुख्यमंत्री बनाकर आर्थिक और प्रचार संबंधी संतुलन डॉ. मोहन यादव को स्वमेव मिल गए हैं। इसलिए इस चुनौती पूर्वक कार्य को एकाग्रता और समन्वय के साथ पूरा करना जरूरी तो है ही उसे सफलता तक पहुंचाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहन यादव में यादव जाति का विशेष महत्व समझा है। उत्तर प्रदेश और बिहार की राजनीति में यही शब्द उनके लिए सफलता की कुंजी बनता हुआ दिख रहा है, इसलिए मध्य प्रदेश में उनका सफल होना ही मोदी के विजन को सफल बनाएगा। मंत्रिमंडल में समन्वय के साथ कदमताल हो गया तो सफलता की मंजिल थोड़ी कम दूर हो जाएगी। वैसे भाजपा के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह सफलताओं का जश्न भी मिल बांट कर मानती है और चुनौतियों का भी मिलकर सामना करती है, इसलिए नए मुख्यमंत्री और नए मंत्रिमंडल से अपेक्षा करने का आधार तो बनता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की विधायक दल का नेता निर्वाचित होने के बाद की गतिविधियों में उनकी सफलता का रहस्य दिखाई दे रहा है।

**सुरेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

## आर्थिक स्थिति से सामंजस्य बैठाकर विकास कार्यों को निरंतर रखना चुनौती

मोहन यादव के नेतृत्व में नई सरकार ने काम शुरु कर दिया है। हालांकि मंत्रिमंडल पूरा नहीं बना है। सहयोगी के रूप में दो उपमुख्यमंत्रियों ने ही कार्यभार संभाला है। सरकार के इस स्वरूप से दो बातें साफ झलकती हैं। एक भाजपा की कार्यशैली और दूसरी इस सरकार के सामने आने वाली चुनौतियां। सरकार के रूप में अभी जो त्रिमूर्ति सामने आई हैं, ये तीनों सामान्य कार्यकर्ता से ऊपर आए हैं। तीनों ने अपना सार्वजनिक जीवन छात्र राजनीति से आरंभ किया था। जबकि मुख्यमंत्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्टभूमि से हैं। अनुभव क्षमता और सहयोग की दृष्टि से इस सरकार को कोई समस्या नहीं है, किन्तु जन अपेक्षाओं की पूर्ति कैसी होगी, यह आज नहीं कहा जा सकता। मुख्यमंत्री मोहन यादव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि और एक समर्पित कार्यकर्ता के नाते प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय नेतृत्व दोनों से भरपूर सहयोग और संरक्षण मिलेगा। कुछ ऐसे वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्त्ता भी मार्ग दर्शन के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य और केन्द्र में मंत्री के रूप में सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव है, लेकिन इसके साथ सबसे बड़ी चुनौती है प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति से सामंजस्य बैठाकर विकास कार्यों को निरंतर रखना। दूसरी चुनौती है भाजपा के चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादों को पूरा करना। प्रदेश पर वर्तमान में करीब सवा तीन लाख करोड़ से ऊपर का कर्ज है। ऐसी स्थिति में विकास योजनाओं की निरंतरता कैसे होगी, चुनाव संकल्प-पत्र में की गई घोषणाओं को कैसे पूरा किया जाएगा, यह बड़ा कठिन कार्य है।



**रमेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

## सीएम मोहन के कार्यकाल में प्रदेश में सरकारी नौकरियों निवेश, उद्योग, कल्याणकारी योजनाओं के बन रहे योग

लोगों के जीवन में सफलता असफलता उसकी अपनी मेहनत से रंग लाती है। पर इस बात को भी झूठलाया नहीं जा सकता है कि प्रत्येक व्यक्ति के अपने ग्रह-नक्षत्र सितारे होते हैं, जो उसकी जीवन के बदलने की क्षमता रख सकते हैं। अब देखिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मोहन यादव विराजमान हो गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सितारे क्या बोलते हैं। इस बारे में राजधानी के ब्रह्म शक्ति ज्योतिष संस्थान के संचालक पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि नए मुख्यमंत्री यादव ने स्थिर लग्न कुंभ में शपथ ग्रहण की है, जिसका स्वामी शनि है। शनि अपनी स्वयं की राशि में बैठा है। दशम भाव के मंगल की दृष्टि शनि पर पड़ रही है, जो यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री अपनी कार्यक्षमता से मप्र प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान बनाएंगे। मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण कुंडली में दशम भाव में वृश्चिक राशि में बैठे मंगल और सूर्य पर दृष्टि पड़ रही है। शनि की दसवीं दृष्टि पड़ रही है। कन्या राशि में बैठा अष्टम भाव में केतु भी शुभ संकेत नहीं दे रहा है। इन ग्रहों के कारण अपने दिग्गज नेताओं एवं नौकरशाहों के षड्यंत्र के शिकार हो सकते हैं, परंतु शपथ ग्रहण की नवमांश कुंडली में शनि और मंगल दो उग्र ग्रहों की दृष्टि के चलते शत्रुओं का नाश भी होगा। पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के पद पर बिना किसी रूकावट के बने रहेंगे। इस दौरान पर जनहित कार्य, प्रशासन में सुधार, भ्रष्टाचार में कमी और भोपाल के सौंदर्यीकरण में बढ़ोतरी करेंगे। उनके द्वारा किए गए हर प्रशासनिक काम से उन्हें दिन दूनी राज चौगुनी सफलता या सम्मान मिलता रहेगा। 25 मार्च 1965 को उज्जैन में जन्मे मोहन यादव की चंद्र राशि धनु है तथा चंद्रमा चतुर्थ भाव में सूर्य शुक्र बुध का शुभ योग बन रहा है इसके चलते उनके कार्यकाल में सरकारी नौकरी, धातु, केमिकल उद्योग, खाद बनाने के कारखाने तथा अन्य भारी उद्योग में राज्य सरकार द्वारा उन्मुक्त नीति बनाने का काम भी होगा।



**पं. जगदीश शर्मा**, ज्योतिषाचार्य

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी मंच ने किया डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल का स्वागत

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शपथ ग्रहण करने के बाद डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल का फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर शुक्ल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगे सरकार में प्राथमिकता के आधार पर सुनी जाएगी और उनका निराकरण किया जाएगा।

### पीसीसी में आज 11 बजे कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष के लिए होगी बैठक

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभागार में गुरूवार को 11 बजे कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। बैठक में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी मप्र रणदीप सिंह सुरजेवाला और कांग्रेस की स्क्रूटनी कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि सभी विधायक को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक से पहले पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि बदलाव जरूरी है। हार-जीत दोनों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। एक पोस्ट एक पर्सन, इसी के हिसाब से नेता प्रतिपक्ष का चयन भी होगा। विधायकों से बातचीत करके और अगर चुनाव की स्थिति बनती है तो वह भी कराया जाएगा।

### कैबिनेट की पहली बैठक में ही आधा दर्जन निर्णयों को मिली मंजूरी

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब मिलेगा चार हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुद की ब्रीफिंग, कहा- जनता के स्वास्थ्य की चिंता उनकी पहली प्राथमिकता, बैठक में करीब डेढ़ घंटे तक वरिष्ठ अफसरों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मंत्रालय में हुई डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक में ही कई फैसले हुए। यह सब निर्णय भाजपा के मेनिफेस्टों में किए गए वादों के पालन में लिए गए हैं। खुले में मांस व मछली बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी का व्यवसाय प्रभावित नहीं हो, इस पर भी ध्यान दिया जाएगा। ऐसे लोगों को नियमों का पालन करने की शर्त पर लाइसेंस जारी किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक की ब्रीफिंग खुद ही की। उन्होंने इससे पहले कैबिनेट की बैठक में करीब डेढ़ घंटे तक वरिष्ठ अफसरों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने एक-एक मुद्दों पर नियम व प्रक्रियाओं की बारीकी भी समझी। इसके बाद कैबिनेट में लिए गए निर्णयों से पत्रकारों को अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य की चिंता उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए वे कोई भी समझौता नहीं करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खुलेगा। उन्होंने ऐसे 52 एक्सीलेंस कॉलेज खोलने को मंजूरी दी है। यह सभी कॉलेज इसी सत्र से शुरू होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि डिजी लॉकर के नियम को सख्त करेंगे। इससे फ्राड जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी। इसे 16 सरकारी व 52 निजी विश्वविद्यालयों में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति दस्तावेज सुरक्षित रख सकेगा।

### खास बातें

- 52 एक्सीलेंस कॉलेज इसी सत्र से होंगे शुरू
- सरकार खुद आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त करने का आवेदन अदालत में देगी



### आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने का निर्णय

डॉ. यादव की पहली कैबिनेट में आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया गया है। अभी अपराध करने के बाद आदतन अपराधी किसी न किसी तरह छूट जाते हैं। अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। कैबिनेट ने ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार खुद ऐसे अपराधी की जमानत निरस्त करने का आवेदन अदालत में देगी और उन्हें कारावास में रहने को मजबूर करेगी। इसके साथ ही सरकार ने अब संपत्ति की रजिस्ट्री के समय ही नामांतरण करने के नियम को मंजूरी दी है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

### अयोध्या रवाना होने वाले दलों का होगा स्वागत

सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब संग्राहकों को 4 हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण मिलेगा। भाजपा ने अपने मेनिफेस्टो पर संग्राहकों को 4 हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण भत्ता देने को कहा था। सरकार ने पहली कैब्निेट में ही इस पर निर्णय ले लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट में हुई अनौपचारिक चर्चा पर लिए गए निर्णयों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि 500 साल बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। ऐसे में हर जिले से रवाना होने वाले दल का स्वागत होना चाहिए।

### धार्मिक स्थानों पर तेज आवाज में नहीं बज सकेंगे लाउड स्पीकर

प्रदेश में ऐसे धार्मिक स्थान जहां तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जा रहे हैं। अब इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगेगा। निर्धारित डेसीबल से ज्यादा आवाज में लाउड स्पीकर बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस नियम का पालन तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि चूंकि कई स्थितियों में यह ठीक नहीं है। लाउडस्पीकर बजाने के लिए भी अब परमिशन लेना होगा। बगैर अनुमति पर कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर तहसील परियोजना पूरे प्रदेश में लागू होगी

मंत्रि-परिषद द्वारा 1 जनवरी, 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में बिना आवेदन, नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण की फेसलेशव्यवस्था जून, 2022 से लागू की गई है। इसे साइबर तहसील नाम दिया गया है। इसमें रजिस्ट्री उपरांत, क्रेता के पक्ष में अविवादित नामांतरण, एक फ़ेसलेस, पेपरलेस तरीके से ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा 14 दिन में बिना आवेदन के और बिना तहसील के चक्कर लगाए स्वतः ऑटोमेटिक तरीके से हो जाता है और खसरे तथा नक्शे में भी क्रेता का नाम चढ़ जाता है।

### विभागों के अधिकारियों के भी होंगे ट्रांसफर

# मुख्यमंत्री ने ली बैठक, बने प्रशासनिक सर्जरी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वल्लभ भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के साथ ही प्रशासनिक हमले में हड़कंप मच गया है। इसके पीछे की वजह है कि जनता से जुड़े हुए कामकाज करने वाले अधिकारियों की पूछ-परख ज्यादा होगी।

मुख्यमंत्री यादव ने स्पष्ट अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिना भ्रष्टाचार जनता से जुड़े हुए काम किए जाएं। सीएम के फरमान के बाद जरूर जल्द ही सर्जरी होगी। सबसे पहले मुख्यमंत्री सचिवालय में लंबे समय तक पदस्थ रहे मनीष रस्तोगी को किसी और विभाग में पदस्थित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सचिवालय में अनुभवी प्रमुख सचिव की पोस्टिंग होगी, जिन्हें कई विभागों में कामकाज का अनुभव रहा है। ऐसे में कई नाम सामने आ रहे हैं। वही मार्च में 2024 मौजूदा सीएस भी रिटायर होगी। सरकार की कोशिश होगी कि तीन सीनियर आईएएस अधिकारियों के नाम का पैनल डीओपीटी भेजा जाएगा। जिससे मध्य प्रदेश में 2 से 3 साल तक फिक्स मुख्य सचिव की पोस्टिंग हो सके।

मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि दो से तीन विभाग में प्रमुख सचिव के पद खाली हैं। अफसरों को प्रमोशन के साथ नई पोस्टिंग भी दी जाएगी। मंत्रालय स्तर पर सचिव, डिप्टी सेक्रेटरी भी ट्रांसफर किए जाएंगे। कई सीनियर अधिकारियों की मीटिंग के बाद मंत्रालय में पदस्थ सक्रिय अधिकारियों को फ्रंट में लेकर आया जाएगा।

### सबसे पहले नपेंगे बड़े जिले के कलेक्टर

सूत्र बताते हैं कि तत्कालीन कलेक्टर ने जनता की कई मांगों को लेकर तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री और मौजूदा मुख्यमंत्री मोहन यादव को काफी परेशान किया था। मोहन यादव ने इस बात की जानकारी संगठन को भी दी थी, लेकिन सीनियर आईएएस अधिकारी के दबाव में कलेक्टर को नहीं हटाया गया। अब सरकार की कमान मोहन यादव के हाथ में है, ऐसे में माना जा रहा है कि एक बड़े जिले के कलेक्टर को भी सबसे पहले हटाया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि सीएम बनने के बाद कलेक्टर और सीएम सचिवालय में पदस्थ रहे एक अफसर तक उनसे मिलने नहीं गए। हालांकि मंत्रालय आने के बाद प्रमुख सचिव औपचारिकता के तौर पर मुलाकात की।

### शिफ्ट होंगे उच्च शिक्षा विभाग के कई ओएसडी

उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े हुए अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा मुख्यमंत्री पहले इसी विभाग के मंत्री थे। ऐसे में अपने भरोसेमंद और काबिल ओएसडी को सचिवालय में जगह देंगे। इसके पीछे का कारण है कि कैबिनेट की पहली बैठक में ही उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े हुए कई फैसलों पर अमल किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिक्षा से जुड़े हुए कार्यों को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पदस्थ सीएम सचिवालय में किया जाएगा।

### मंत्रिमंडल में जातीय संतुलन साधने की तैयारी, खाली रखे जा सकते हैं आधा दर्जन मंत्री पद

8-9 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ 16-18 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है

# गठित होने वाले मंत्रिमंडल में नहीं चलेगा 'समर्थकवाद', चौंकाने वाले हो सकते हैं नाम, हर अंचल से बनाए जा सकते हैं चार से छह तक मंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*नए गठित होने वाले मंत्रिमंडल में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से क्षेत्रीय और जातीय संतुलन तो साधा जाएगा, पहले चरण में 26-27 मंत्रियों को शामिल कर शपथ दिलाई जा सकती है*

जिस प्रकार मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चयन में रसूखदार नेताओं की नहीं चली, ठीक इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल का गठन होगा।

लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इसमें क्षेत्रीय और जातीय संतुलन तो साधा जाएगा, लेकिन पट्ठावाद बिल्कुल नहीं चलेगा। अर्थात रसूखदार नेताओं का समर्थक होने के कारण किसी को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पहले चरण में 26-27 मंत्रियों को शामिल कर शपथ दिलाई जाएगी और आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री पद खाली रखे जाएंगे। हमेशा की तरह नेतृत्व मंत्रिमंडल के गठन में भी सभी को चौंका सकता है।







### मोहन-वीडी लेकर जाएंगे संभावित सूची

मंत्रिमंडल के गठन पर भी केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लगेगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जाएंगे। वहां नेतृत्व के साथ सूची पर डिस्कशन होगा। नाम जोड़े और घटाएं जाएंगे। इसके बाद फाइनल सूची के अनुसार मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी।मंत्रिमंडल के गठन में भी संतुलन साधा जा सकता है। कुछ वरिष्ठों के साथ नए मंत्री ज्यादा बनाए जा सकते हैं। जैसे 8-9 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ 16-18 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है।

### चंबल-ग्वालियर अंचल से ये बन सकते मंत्री

भाजपा सूत्रों के अुनसार, चंबल- ग्वालियर, बुंदेलखंड, विंध्य और मध्य अंचल से 4-4 मंत्री बनाए जा सकते हैं। चंबल-ग्वालियर से अंबरीश शर्मा, जनता के बीच सक्रिय प्रद्युम्न सिंह तोमर, देवेंद्र कुमार जैन और प्रदीप अग्रवाल को मंत्री बनाया जा सकता है। नरेंद्र सिंह तोमर पहले ही विधानसभा अध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं।

### बुंदेलखंड, विंध्य में ये हो सकते हैं चेहरे

बुंदेलखंड और विंध्य से मंत्रिमंडल में वरिष्ठ और कनिष्ठ के बीच संतुलन के तहत चेहरे तय किए जाएंगे। बुंदेलखंड से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, छतरपुर की ललिता यादव और जबेरा के धर्मेंद्र लोधी को मौका मिल सकता है। इनके अलावा वरिष्ठों में गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, जयंत मलैया और बृजेंद्र प्रताप सिंह में से 1 अथवा 2 को मौका मिल सकता है। विंध्य अंचल से सीधी की रीति पाठक, जयसिंह नगर की मनीषा सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल और रामपुर बघेलान से जीते विक्रम सिंह को मौका मिल सकता है। इस अंचल के राजेंद्र शुक्ला पहले ही उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

### मालवा-निमाड़ से बन सकते सर्वाधिक मंत्री

मालवा- निमाड़ अंचल में सर्वाधिक 66 सीटें हैं। भाजपा ने इनमें से 48 सीटें जीती हैं। इसलिए यहां से सर्वाधिक मंत्री बनाए जा सकते हैं। इंदौर से तुलसीराम सिलावट के अलावा कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मैंदोला में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सज्जन सिंह वर्मा को हराने वाले राजेश सोनकर, दीपक जोशी को हराने वाले आशीष शर्मा, हरसूद के विजय शाह, नेपानगर की मंजू राजेंद्र दादू मंत्री बन सकते हैं।

### भोपाल के आसपास भी कम दावेदार नहीं

प्रदेश के मध्य अंचल अर्थात भोपाल के आसपास मंत्री पद के दावेदारों की संख्या कम नहीं है। इस बार रामेश्वर शर्मा, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विष्णु खत्री में से दो मंत्री बन सकते हैं। रायसेन जिले में प्रभुराम चौधरी और सुरेंद्र पटवा में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सीहोर के सुदेश राय और खिलचीपुर में पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को हराने वाले हजारीलाल दांगी मंत्री बनाए जा सकते हैं। संभावित मंत्रियों की यह सूची सूत्रों पर आधारित है क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी क्या करेगी, कोई नहीं जानता।

### महाकौशल से बनाए जा सकते हैं 5 मंत्री

महाकौशल अंचल में भाजपा को इस बार 38 में से 21 सीटें मिली हैं। यह कमलनाथ का भी इलाका है। इसलिए यहां से 5 मंत्री बनाए जा सकते हें। इनमें बहोरीबंद के प्रणव पांडे, नरसिंहपुर के प्रहलाद पटेल और बैतूल के हेमंत खंडेलवाल को मौका मिल सकता है। इनके अलावा जबलपुर के राकेश सिंह और गाडरवारा के उदयप्रताप सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है। ये दोनों पूर्व सांसद हैं। इसी प्रकार शहपुरा के ओम प्रकाश धुर्वे और मंडला की संपतिया उइके में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

### महाकाल दर्शन करने के लिए लगाया दर्शन शुल्क हटाएं: सिंघार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नवनियुक्त सीएम डॉ. मोहन यादव उज्जैन पहुंचे और प्रभु महाकाल की पूजा की। कांग्रेस नेता और गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने भक्तों की कई मांगें रख दी। सिंघार ने कहा कि कि नए मुख्यमंत्री मोहन यादव से अनुरोध है कि आप अपने नए दायित्व का शुभारंभ धार्मिक स्थलों जैसे मुख्यतः 'महाकाल मंदिर' में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं पर सरकार द्वारा थोपा गया दर्शन शुल्क हटा कर करें। सनातन धर्म के मंदिरों को सरकारी हस्तक्षेप के कारण सार्वजनिक पर्यटन केंद्र के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। भगवान के दर्शन पर वीआईपी शुल्क, प्रसाद का विक्रय, प्रोटोकॉल टिकट लगाना लाखों श्रद्धालुओं का अपमान करने जैसा है। श्रद्धालुओं से कोई शुल्क न लिया जाए, इसकी पहल श्री महाकाल मंदिर उज्जैन से की जाए। उमंग सिंघार ने ये संदेश पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया है।

# शपथ लेने के बाद बोले दोनों डिप्टी-भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को किया पूरा

गरीबों के कल्याण के कार्य करने पर मिला जनादेश

## 'बीमारू' का कलंक मिटा, अब देश का सबसे बेहतर राज्य बनाने करेंगे कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रदेश पथ पर है, पीएम मोदी के नेतृत्व में नया विकास देखेगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार ने कई विकास के कार्यों को पूरा किया है। जनहित की योजनाओं से लेकर गरीबों के कल्याण के लिए ही सरकार ने काम किया है। यही कारण है कि जनता ने भारी जनादेश दिया है। डिप्टी सीएम बनने के बाद हरिभूमि से कई मुद्दों पर चर्चा की।

### भाजपा के विकास से खत्म हुई कांग्रेस की जमीन

*सवाल - अभी सोचा था कि बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।*

*जवाब - जी, बिलकुल, मैने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।*

*सवाल - नई टीम बनी है, क्या सोचा है अभी ?*

*जवाब - मध्य प्रदेश देश का सबसे बेहतर राज्य बनने की संभावना है। खनिज संपदा है और लैंड, वाटर भी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है। बीमारू राज्य का कंलक मिट गया है। अब मध्य प्रदेश को नए मुकाम तक पहुंचाना है। इस दिशा में जनता ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि विकास के काम को तेजी से बढ़ाएं।*

*सवाल - विंध्य के सबसे बड़े नेता है, भाजपा को काफी फायदा मिला है। आप खुद बड़े नेता के तौर पर हैं*

*जवाब- विंध्य क्षेत्र सही में विकास के मायने में पिछड़ा हुआ था। लोग कल्पना भी नहीं करते थे कि विकास की किरण आएगी। भाजपा की सरकार को लोगों देखा और विकास भी महसूस किया। फिर कांग्रेस की जमीन खत्म होती गई। सिंचाई से लेकर हाईवे और एक्सप्रेस वे के साथ टलन बनाई गई। सोलर प्लांट लगाया गया है। जिन लोगों ने विकास के लिए प्रयास नहीं किया। वह सभी कटघरे में आ गए। साल 2018 में 20 में से 24 सीटें मिली। 2023 के चुनाव में 30 में से 25 सीटें विंध्य में आई हैं।*

हरिभूमि चर्चा

जनता के लिए सरकार और खुद काम करूंगा

## 'लाड़ली' समेत सभी योजनाओं की राशि का प्रबंध करने बनाएंगे रोडमैप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के वित्तमंत्री से लेकर उपमुख्यमंत्री के पद पर जगदीश देवड़ा काबिज हैं। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि जो भी काम मिलेगा। उसे पूरा करने की चुनौती रहेगी। देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने विकास के कार्य किए हैं। अब जनता के लिए ही सरकार और खुद काम करेंगे। मालवा निमाड़ में कई केंद्रीय परियोजनाओं को पूरा करने का प्रयास भी करेंगे।

### प्रदेश भर में विकास के आयाम तय किए जाएंगे

*सवाल - उप मुख्यमंत्री के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। किस दिशा में मध्य प्रदेश में को लेकर जाना है?*

*जवाब -भाजपा की सरकार ने कार्यकर्ता के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी है। क्षेत्र की जनता से लेकर अब प्रदेश भर में विकास के आयाम तय किए जाएंगे। प्रदेश की दिशा अन्य राज्यों से बेहतर है। कई अन्य प्रोजेक्ट को समय में पूरा करने की चुनौती रहेगी। तेजी से विकास मप्र देशभर में मॉडल के रूप में है। पीएम मोदी से खुद कई परियोजनाओं की निगरानी की है। ऐसे पीएम के नेतृत्व में काम करने के साथ सीखने का मौका मिलेगा।*

*सवाल - लाड़ली बहना की राशि बढ़ाने की चुनौती है और अर्थव्यवस्था की स्थिति बेहतर नहीं है?*

*जवाब -सरकार पहले से ही योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रबंध करती आ रही है। इसके बाद भी की जाएगी। जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें पूरा करने राशि का प्रबंध करेंगे। रोडमैप बनाया जाएगा।*

*सवाल -कैसी योजना है, जिससे बहनों के खातों में पैसा डाला जा सके ?*

*जवाब -सरकार अपनी आय में बढ़ोतरी करेगी। इसके लिए कई विषयों पर चर्चा होनी है। निश्चित रूप से योजनाओं को गति मिलेगी। जो योजनाएं चल रही है। उन पर अर्थव्यवस्था की स्थिति हावी नहीं होगी। मंत्रीमंडल गठन के बाद सभी से चर्चा होगी। स्थिति के मुताबिक ही सरकार काम करेगी।*

327 शिकायतें पेंडिंग, 30 फीसदी शिकायतों का नहीं हुआ निराकरण

## 400 सोसाइटी में गड़बड़ी, सिर्फ 200 में मिले सदस्यों को प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में रजिस्टर्ड 581 हाउसिंग सोसायटियों में से मात्र 200 के करीब ऐसी हैं जो ठीक-ठाक काम कर रही हैं। बाकी में कहीं न कहीं किसी पूर्व सदस्य के साथ फर्जीवाड़ा हुआ है, किसी में कम तो किसी में ज्यादा शिकायतें आईं। 327 में से 30 फीसदी शिकायतों का निराकरण भी सहकारिता विभाग नहीं कर पाया।

जिन हाउसिंग सोसायटियों में सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा हुआ है, उनमें कामधेनु , सर्वोदय गृ.नि, रोहित गृह निर्माण, स्वजन गृह निर्माण, सौरभ, हजरत निजामुद्दीन, सर्वधर्म, कान्हा, शिव, अपैक्स बैंक, विकास कुंज, गुलाबी नगर, निशातपुरा, लावण्य गुरुकुल, पल्लवी, राजहर्ष, नर्मदा, पुष्प विहार, अमलताश, मंदाकिनी सहित कई सोसायटी हैं, जिनके पीड़ित विभाग के चक्कर काट रहे हैं। संयुक्त आयुक्त सहकारिता विनोद सिंह का कहना है कि भोपाल जिले में काफी लोगों की शिकायतों का निराकरण हुआ था, कई लोगों को प्लॉट भी दिए गए थे। पूरी सूची हम लोगों ने पड़ताल के बाद बनाई थी। अभी भी जिन लोगों की शिकायतें आती हैं, हम उनका निराकरण कराते हैं।



### टॉप 10 सोसायटी, जिनकी सबसे ज्यादा शिकायतें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. कामधेनू | 41 | 6. हजरत निजामुद्दीन | 14 |
| 2. सर्वोदय | 21 | 7. सर्वधर्म | 11 |
| 3. रोहित | 20 | 8. कान्हा | 11 |
| 4. स्वजन | 16 | 9. शिव | 11 |
| 5. सौरभ | 14 | 10. अपैक्स बैंक | 10 |

### ऐसे किया सोसाइटियों में घोटाला

*गौरव, रोहित, समन्वय, महाकाली व अन्य शहर की चर्चित सोसायटियों में अध्यक्ष बदले जाने के बाद पूर्व के सदस्यों को बाहर कर उनके स्थान पर नए सदस्य बनाकर उनको अधिक कीमत पर प्लॉट बेच दिए। इनमें से काफी लोगों ने उसी समय प्लॉट के लिए राशि जमा कराई थी, वो भी डूब गई। अब जमीन ही नहीं बची। जिन पर कब्जा है, वे मुंह मांगी कीमत मांग रहे हैं।*

**कलेक्टर ने दिए जांच, कार्रवाई के आदेश**

## पार्क की जमीन पर कब्जा महिला का प्लॉट हड़पा

शहर में गृह निर्माण समितियों में लोगों की मनमानी शुरू से चलती आई है। रसूखदार लोग फर्जीवाड़ा कर यहां स्थित पार्क में अवैध निर्माण करने के साथ ही लोगों के प्लॉट तक को हड़प रहे हैं। वहीं इनसे परेशान लोग कलेक्टोरेट और सहकारिता विभाग कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनको न्याय नहीं मिल पा रहा है। ऐसे ही दो मामले कलेक्टर आशीष सिंह के पास पहुंचे। जिनमें एक गृह निर्माण समिति में पार्क की जमीन पर और दूसरी में महिला के प्लॉट को हड़पकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। दरअसल, रिलायबल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित के प्रतीक मंगल ने बताया कि ईदगाह हिल्स स्थित रिलायबल गृह निर्माण सहकारी समिति में पार्क की जमीन पर दो लोगों ने वर्ष 2015 से अवैध निर्माण कर रखा है। जिसको लेकर पूर्व में तहसीलदार न्यायालय बैरागढ़ द्वारा कार्रवाई के लिए आदेश भी दिए गए, लेकिन कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। सात वर्ष बीत जाने के बाद भी रहवासियों को पार्क नहीं मिल पा रहा है। वहीं दानिश कुंज कोलार निवासी रेणु राजपूत ने बताया कि एसबीआई गृह निर्माण सहकारी संस्था भोपाल में उनका भूखंड स्थित है। जिस पर एक बिल्डर द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। बिल्डर ने उनके भूखंड के दस्तावेज अपने नाम से बनवाकर निगम से भवन अनुज्ञा भी प्राप्त कर ली है। कलेक्टर ने दोनों मामलों में एसडीएम को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



## शहर हुआ जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को रोशनपुरा के साथ शहर की सड़कें जाम हो गईं। इधर, लाल परेड मैदान के आसपास चारों तरह वाहनों का हुजूम लगा रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सबसे ज्यादा परेशानी रोशनपुरा चौराहा से कमला पार्क के बीच रहा। उसके बाद रेतघाट चौराहे से लालघाटी तक वीआईपी रोड पर जाम की स्थिति रही। यही हाल लालघाटी चौराहा से लेकर एयरपोर्ट रोड तक था। इस दौरान कई एम्बुलेंस और स्कूली वाहन जाम में घंटों फंसे रहे, जिससे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब तीन बजे के बाद इस पूरे मार्ग पर यातायात सुचारू हो सका।



रेतघाट चौराहे पर लगा जाम, परेशान होते लोग।



रोशनपुरा चौराहे पर लोग घंटों जाम में फंसे रहे। यहां तक कि दो पहिया वाहन चालकों के साथ स्कूल बसें भी जाम में फंस गईं।

*अब सर्दी के तेवर तीखे होंगे*

## दोपहर बाद बर्फीली हवा की एंट्री, राजगढ़ 7.2 डिग्री पर

भोपाल सहित पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में लगातार तीसरे दिन गिरावट

शनिवार के बाद बादल बढ़ा सकते हैं रात का तापमान, दिन में बढ़ेगी सर्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को दोपहर बाद से बर्फीली हवाओं की एंट्री रही। इससे शाम को सर्दी का अहसास अचानक तेज हो गया। राजगढ़ में सबसे कम रात का पारा 7.2 डिग्री पर रहा। भोपाल में यह 26 डिग्री के करीब पहुंच गया। हालांकि, शनिवार के बाद प्रदेश के आसमान पर बादलों का डेरा रह सकता है। इससे दिन में सर्दी बढ़ेगी, लेकिन रात के पारे में कुछ वृद्धि हो सकती है।

### बर्फीली हवा से सर्दी तेज

शुक्ला के अनुसार भोपाल सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में उत्तरी हवाओं के असर से तापमान में गिरावट जारी है। बुधवार को भी लगभग सभी जिलों में दिन और रात का पारा गिरा है। भोपाल में बर्फीली हवाओं के असर से देर शाम गलन का अहसास रहा, जबकि रात में भी सर्दी के तेवर तीखे रहे। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर 25.8 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 1.4 डिग्री गिरकर 11 डिग्री पर आ गया है।

## सर्वर ने किया परेशान, मुश्किल से खींच रहे फोटो

**भोपाल।** शहर के कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ)में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का पंजीयन कार्ड बनवाने सहित वाहनों की फिटनेस व पंजीयन कराने के लिए आवेदकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कारण बार-बार परिवहन सारथी व वाहन-चार का सर्वर धीमा चलना है। बीते दो दिनों से लोग परेशान हो रहे हैं। परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए एक आवेदक का फोटो खींचने और हस्ताक्षर में एक मिनट लगता है। सर्वर धीमा चलने से 10 से 15 मिनट लग रहे हैं। बुधवार को कई आवेदकों काम नहीं हुए। एक-एक कर बड़ी मुश्किल से आरटीओ व स्मार्टचिप कंपनी के कर्मचारियों को काम करना पड़ा।

आयुष विभाग के साथ मिलकर आयुष चिकित्सा एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र किया शुरू

## बीएमएचआरसी में अब गैस पीड़ितों का होम्योपैथी आयुर्वेद और यूनानी पद्धति से भी हो सकेगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में आने वाले गैस पीड़ित और अन्य मरीज अब आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति से भी इलाज किया जाएगा। बीएमएचआरसी परिसर में ही स्थित स्वास्थ्य केंद्र क्रमांक 7 में आयुष विभाग के साथ मिलकर आयुष चिकित्सा एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है। बुधवार को बीएमचएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने परामर्श केंद्र को जनता को समर्पित किया।



### सोमवार से शनिवार तक खुला रहेगा केंद्र

*यह केंद्र सोमवार से शनिवार तक सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा। यहां सोमवार व मंगलवार को आयुष विभाग में पदस्थ होम्योपैथिक डाक्टर, बुधवार व गुरुवार को आयुर्वेदिक डाक्टर और शुक्रवार व शनिवार को यूनानी चिकित्सा पद्धति के डाक्टर मरीजों को परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। सभी मरीजों के लिए यह डाक्टर का परामर्श निःशुल्क रहेगा। वहीं केंद्र में उपलब्ध दवाएं भी मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेंगी।*

## 19 से 25 तक भोपाल दाहोद एक्सप्रेस निरस्त

**भोपाल।** रतलाम डाउन यार्ड में ए केबिन से प्लेटफॉर्म सात तक कनेक्टिविटी देने के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण 19 से 25 दिसंबर तक भोपाल से चलने वाली 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस नागदा तक चलेगी और नागदा-दाहोद के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार 20 से 25 दिसंबर तक दाहोद से चलने वाली 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस नागदा से चलेगी और दाहोद-नागदा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।


आयुर्वेद से आयुष्मान

रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मुझे शौच की जगह पर मस्से हो गए हैं। शौच के समय बहुत पीड़ा होती है। -एक पाठिका, इन्दौर.**

उ. आहार में तरल पदार्थों की कमी व कम मात्रा में पानी पीने की वज़ह से भी यह समस्या हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम पानी के साथ ३ से ४ माह तक सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरे पुत्र का शारीरिक विकास औसत ही है, उसकी समस्या हेतु उपचार बताएं। -उपेन्द्र, सतना.**

उ. वैसे देखें तो शारीरिक विकास वंशानुक्रम पर निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया सुचारू कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु उन्हें रतन्स 'हाईटॉप' सिरप दे सकते हैं। साथ ही एरोबिक्स, रस्सी कूद एवं ताड़ासन नियमित करवाएं।

**प्र. कृपया शरीर को उचित आकर्षण प्रदान करने का उपाय बताएं। -एक पाठिका, म.प्र.**

उ. आप रतन के 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल से दिन में दो बार मालिश कर सकते हैं। चाहें तो 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स भी दूध के साथ तीन माह सेवन कर सकते हैं।


**प्र. मेरा पुत्र नींद में बिस्तर गीला कर देता है। -सुभाष, मण्डला.**

उ. उन्हें आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम सेवन करवा सकते हैं। साथ ही उनका आत्म-विश्वास बढ़ाने की कोशिश करें।

**प्र. मेरी आयु ३८ वर्ष है, सिर धोते समय मेरे बाल बहुत टूटते-गिरते हैं। उपाय लिखें। -कृति, दमोह.**

उ. बालों को स्वस्थ रखने के लिए आप रतन का आयुर्वेदिक औषधि तत्वों से युक्त 'केश वरदान' हेयर रिवाइटलाइज़र तेल नियमित रूप से प्रयोग कर सकते हैं। इस तेल से बालों की जड़ों में नियमित रूप से मालिश कर सकते हैं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.





*कैबिनेट की पहली ही बैठक में सीएम डॉ. मोहन ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय*

## करप्शन पर मोहन सरकार की पहली चोट, अब रजिस्ट्री के साथ ही होगा नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की गद्दी संभालने के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आक्रामक शुरुआत की है।

कैबिनेट की पहली बैठक में उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनमें एक निर्णय जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण प्रक्रिया का संपन्न होना है। प्रदेश भर में जमीनों के फर्जीवाड़े पर इससे लगाम लगने के साथ जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

### जनता के दर्द को किया महसूस



*जनता के इस दर्द को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महसूस किया और उन्होंने अपनी कैबिनेट के सबसे पहले निर्णय में रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण कराए जाने की प्रक्रिया का निर्णय भी रखा। इसके साथ ही सीएम यादव ने यह भी साफ कर दिया है कि वह करप्शन को दूर करने के लिए कटिबद्ध हैं और उनका यह निर्णय भी इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।*

### पांच साल पहले तैयार किया था प्रस्ताव, अब जाकर हुआ निर्णय

*आम जनता की इसी परेशानी को एक सीनियर आईएएस अधिकारी ने समझा और लगभग 5 साल पहले एक प्रस्ताव तैयार किया, जिसमें जमीन की रजिस्ट्री के साथ ही उसके नामांकन की प्रक्रिया भी संपन्न होनी थी। इसके लिए संपदा और लैंड रेवेन्यू के सॉफ्टवेयर को मर्ज किया गया, जो रजिस्ट्री होने के साथ ही सीधे उसकी जानकारी लैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भेज देता था और वहां पर जमीन की नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो जाती। प्रक्रिया लागू होती, उससे पहले ही उस अधिकारी का तबादला हो गया और पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। हैरत की बात यह रही कि इन पांच सालों में राजस्व विभाग के सचिव एक ही आईएएस अधिकारी रहे, जो आईटी विभाग मे रहने के साथ ही प्रमुख सचिव भी थे, लेकिन उन्होंने भी इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया। साथ ही उस समय संपदा मे पदस्थ महिला अधिकारी भी इस ओर उदासीन रहीं।*

## खबर संक्षेप

### एक महीने में 33 फीसदी उछला एलआईसी का शेयर



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी के निवेशकों को लिए गुड न्यूज है। इस साल पहली बार कंपनी का शेयर 800 रुपए के पार पहुंच गया है। बुधवार को इसमें कारोबार के दौरान दो परसेंट से अधिक तेजी आई और यह 810 रुपए पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। बीएसई पर यह 1.65 फीसदी की तेजी के साथ 804.70 रुपए पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इसकी कीमत में 33 फीसदी तेजी आई है।

### विकास इकोटेक ने किया 123 मिलियन का भुगतान

**नई दिल्ली।** स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स के कारोबार में लगी विकास इकोटेक लिमिटेड ने अपने पूर्व-निर्धारित डेट रिडक्शन प्रोग्राम (ऋण कटौती कार्यक्रम) के एक हिस्से के रूप में बैंकर्स को 123 मिलियन का भुगतान किया है। कंपनी ने टार्गेटेड डेट रिडक्शन नंबर की ओर बढ़ते हुए, अगस्त-सितंबर'2021 के दौरान प्रक्रिया शुरू की और तब से कंपनी ने बैंकर्स को कुल 1187 मिलियन का भुगतान किया है । इस प्रकार कुल बैंक ऋण लगभग 1612 मिलियन से वर्तमान में 425 मिलियन रुपए तक घटाया गया है।

### अमेजन ने पेश किया ट्रैवल फिएस्टा

**मुंबई।** अमेजन इन ने 12 से 17 दिसंबर 2023 के बीच ट्रैवल फिएस्टा की घोषणा की है। इस ट्रैवल फिएस्टा के साथ आप हवाई टिकटों और होटल बुकिंग की आसमान छूती कीमतों की टेंशन से निजात पा सकते हैं। ट्रैवल फिएस्टा के साथ ट्रैवल प्लान पर बेहतरीन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। तो फिर देर किस बात की, अपने बैग तैयार करें, अपना ट्रैवल प्लान बनाएं और झंझट रहित सफर पर निकल पड़ें। यहां आप यात्रा से संबंधित टॉप-रेटेड प्रोडक्ट को किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं।

### आईटेल का स्मार्टफोन ए05एस के लांच

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड आईटेल ने नए स्मार्टफोन आईटेल ए05एस के लांच की घोषणा की है।



6099 रुपए की कीमत पर उपलब्ध ए05एस ढेरों आकर्षक फीचर्स के साथ आता है। यह चार शानदार कलर्स में उपलब्ध है- क्रिस्टल ब्लू, ग्लोरियस ओरेंज, मीडॉ ग्रीन और नेब्युला ब्लैक। वहीं 5एमपी सेल्फी कैमरा एआई ब्यूटीफिकेशन मोड्स के साथ सर्वश्रेष्ठ सेल्फी का अनुभव प्रदान करता है।

### फ्रैंकलिन ने किया कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के क्षेत्र में प्रवेश

**अहमदाबाद।** कृषि वस्तुओं के व्यापार में लगी गुजरात स्थित फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के क्षेत्र में अपने व्यापार को बढ़ाने के रणनीतिक पहल की घोषणा की है। यह निर्णय कंपनी के प्रदर्शन को बढ़ाने और विकास को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में लिया गया है। कंपनी ने 27 नवंबर को आयोजित बोर्ड बैठक में 10 रुपए के प्रत्येक अंकित मूल्य के एक इक्विटी शेयर के उप-विभाजन की सिफारिश की है। जिसके परिणामस्वरूप रुपए 1 के 10 इक्विटी शेयर जारी किए जाए।

### माघ की बोर्ड ऑफ डिरेक्टस की बैठक 20 को

**मुंबई।** माघ एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट पर विचार कर रही है। बोर्ड ऑफ डिरेक्टस की मीटिंग 20 दिसंबर को होगी। जिसमें बोनस शेयरों और स्टॉक विभाजन को मंजूरी देने के प्रस्ताव पर विचार होगा। मौजूदा शेयरधारकों को पुरस्कृत करने के अलावा, बोनस और स्टॉक विभाजन से कंपनी में तरलता बढ़ेगी। कंपनी के शेयर मूल्य एक महीने में 150 फीसदी से अधिक बढ़कर 13 दिसंबर 2023 को 138 रुपए प्रति शेयर हो गया, जो 15 नवंबर को 54.6 रुपए प्रति शेयर था।

## एआईसीटीई, एनएसडीसी और बजाज फिनसर्व ने बैंकिंग, वित्त एवं बीमा में सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू करने हाथ मिलाया

# भारत वैश्विक वित्तीय सेवा बाजार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है: धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनएसडीसी और बजाज फिनसर्व एवं एआईसीटीई और बजाज फिनसर्व ने धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय प्रो. राजीव कुमार, सदस्य सचिव, एआईसीटीई, वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी तथा एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल एवं संजीव बजाज, अध्यक्ष तथा एमडी, बजाज फिनसर्व की उपस्थिति में दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।

समारोह में कुरुश ईरानी, अध्यक्ष ग्रुप-सीएसआर एवं पल्लवी गांधीकर, राष्ट्रीय प्रमुख-सीएसआर, बजाज फिनसर्व भी उपस्थित थे। एआईसीटीई एवं राष्ट्रीय कौशल विकास निगम देश में कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख वास्तुकारों ने युवा स्नातकों को वित्तीय सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों हेतु तैयार करने के लिए भारत के अग्रणी एवं सबसे विविध वित्तीय सेवा समूह बजाज फिनसर्व लिमिटेड के साथ साझेदारी की।




### युवा ज्ञान, दक्षता, कौशल और सही प्रवृति से निभाएंगे विकसित भारत के निर्माण में भूमिका

इस मौके पर धर्मेंद्र प्रधान ने वित्तीय सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए युवा स्नातकों को तैयार करने हेतु बजाज फिनसर्व के साथ एनएसडीसी और एआईसीटीई के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का साक्षी बनने की और बैंकिंग, वित्त एवं बीमा में एक सर्टिफिकेट प्रोग्राम के शुभारंभ पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहाकि आज जो यह साझेदारियां बनी है वह वित्तीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर दक्षताओं का निर्माण करेंगी और हमारे युवाओं को वित्तीय तथा डिजिटल क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन में भाग लेने के लिए सशक्त बनाएंगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत का विजन, कल लांच किया गया वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम विकसित भारत के लिए युवाओं के विचारों, विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास और वित्तीय क्षेत्र की भूमिका को उजागर करता है। प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे युवा ज्ञान, दक्षता, कौशल और सही प्रवृति द्वारा संचालित विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हम ज्ञान और दक्षता का एक सुपर हाईवे बना रहे हैं और भारत वैश्विक वित्तीय सेवा बाजार का केंद्र बन सकता है।

### साझेदारी से शिक्षा एवं उद्योग अकादमिक संबंधों में नए सहयोग की शुरुआत होगी

*प्रो.टीजी सीतारम, अध्यक्ष,एआईसीटीई ने कहा कि बजाज फिनसर्व के साथ साझेदारी से शिक्षा एवं उद्योग-अकादमिक संबंधों में नए सहयोग की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि यह वित्त, बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में छात्रों के लिए शिक्षा, इंटर्नशिप और जॉबप्रशिक्षण के विशाल अवसर प्रदान करके उद्योग और शिक्षा जगत के बीच केअंतर को पाटने के एआईसीटीई के लक्ष्य को मजबूत करेगा। एनएसडीसी के सीईओ एवं एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने कहाकि भारत के वित्तीय क्षेत्र में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वृद्धि और विकास देखी गई है। उन्होंने कहाकि एनएसडीसी में, हमारा समर्पण कौशल विकास पहल के माध्यम से विविध अवसर प्रदान करके युवाओं को सशक्त बनाने में निहित है, और बजाज फिनसर्व के साथ साझेदारी उद्योग के वित्तीय क्षेत्र में बदलाव के साथ हमारे कौशल प्रयासों को संरेखित करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।*

### 1 अक्टूबर 2025 से नए ट्रकों में ड्राइवरों के लिए एसी केबिन दिया जाना अनिवार्य होगा

# ट्रांसपोर्टर बोले- ड्राइवरों के लिए एसी केबिन अनिवार्यता नहीं ऐच्छिक हो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना में कहाकि 1 अक्टूबर 2025 को या उसके बाद निर्मित सभी नए ट्रकों में ड्राइवरों के लिए एसी केबिन दिया जाना अनिवार्य होगा। लेकिन ट्रक मालिक यानी ट्रांसपोर्टरों ने इस मामले में इस बात पर चिंता भी जताई है। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि मंत्रालय के इस फैसले ट्रकों की लागत बढ़ेगी। साथ ही यह भी कहा गया था कि ट्रक के केबिन में एयर कंडिशन के इस्तेमाल से ट्रक चालकों को नींद आने का डर भी बना रहता है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाएंगी। अतः ट्रांसपोर्टरों ने केंद्र सरकार और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से मांग की है कि ट्रकों में एसी केबिन अनिवार्यता को ऐच्छिक किया जाए।



### केबिन का परीक्षण आईएसआई 14618: 2022 के अनुसार होगा

इस गजट अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि वाहनों में दिए जाने वाले एयर कंडीशनिंग सिस्टम से लैस केबिन का परीक्षण आईएसआई 14618: 2022 के अनुसार किया जाएगा। इस मामले में ट्रांसपोर्टरों के साथ ट्रक इंडस्ट्री से जुड़े कुछ वाहन निर्माताओं ने इस बात पर आपत्ति जताई है।

ट्रांसपोर्टर एवं ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहाकि अगर ट्रांसपोर्टर के पास 10, 20 ट्रक और ट्रक मालिक दो, चार, दस ट्रकों में एसी केबिन तैयार करवाता है तो इससे न सिर्फ लागत बढ़ेगी, बल्कि परिवहन लागत का बोझ भी बढ़ेगा। इतना ही एसी केबिन वाले ट्रक को लेकर ड्राइवर ट्रक मालिक से बगावत करने पर उतर आएंगे। अतः सरकार और मंत्रालय से मांग है कि एसी केबिन की अनिवार्यता ऐच्छिक किया जाए।

वहीं ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के विजय कालरा ने कहाकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गजट नोटीफिकेशन भविष्यगामी है। ट्रकों में डायवर केबिन में एसी की अनिवार्यता होने से परिवहन महंगा जरूर होगा, लेकिन डायवर चुस्त -दुरूस्त रहेगा। थकावट महसूस नहीं करेगा। गाड़ी का माइलेज बढ़ेगा। फॉरेन कंट्री में सभी गाड़ियां एसी युक्त ही चल रही है।

उल्लेखनीय है कि अब से बाजार में आने वाले नए ट्रकों के केबिन में एयर कंडीशन की सुविधा को अनिवार्य कर दी गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सरकार ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है और अब अक्टूबर 2025 से भारत में बनने वाले ट्रकों में एसी केबिन दिया जाएगा। इससे पहले जुलाई महीने में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहाकि 1 अक्टूबर 2025 को या उसके बाद बनने वाले एन2 और एन3 श्रेणी के वाहनों के केबिन के लिए एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगाया जाना अनिवार्य होगा।

### 40 फीसदी से ज्यादा महंगी हुई अरहर दाल

# राहत देने सरकार खरीदेगी 8 से 10 लाख टन अरहर दाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है।

सरकार अरहर दाल की अपनी खरीद को बढ़ाकर 8-10 लाख टन करने की तैयारी में है। पहले कुछ ही लाख टन अरहर दाल खरीदने की योजना थी। अरहर दाल की खरीद को बढ़ाकर सरकार इसकी कीमतों को काबू में रखना चाहती है। सरकार ने अरहर दाल की खरीद बढ़ाने की तैयारी ऐसे समय में की है, जब अरहर के पैदावार क्षेत्र में गिरावट आई है और इसका उत्पादन कम रह सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि अरहर दाल के रिटेल प्राइस (खुदरा दाम) पिछले साल के मुकाबले 40 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए हैं।

**NAME CHANGE**

I Hereby announce that my name, which was earlier Chetan Prakash Jain, shall be Chetan Indraprakash Jain from today onwards, I shall be identified by this name only.

**कार्यालय नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर (म.प्र.)**

दूरभाष एवं फैक्स 07560-254150 E-mail ID : cmokothri@mpurban.gov.in

क्रमांक/1145/नि.शा./2023 -: द्वितीय ई-निविदा सूचना :- कोठरी दिनांक 13/12/2023

एतद् द्वारा समस्त लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर म.प्र. द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है ।

| स. क्र. | ई-नि.क्रमांक | कार्य का विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत (लॉख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD _319092 | 1. अमृत 2.0 योजनान्तर्गत टेंच (2.0) वाटर बाडी रिजुविनेश एंड ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट के अन्तर्गत नगर में स्थित बडा नाला का विकास कार्य । | 21540.00 | 5000.00 | 28.72 | 09 माह |

नोटः- निविदा प्रपत्र वेवसाईट https:/www.mptenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा में किसी भी प्रकार का संसोधन/परिवर्तन होने पर प्रथक से सूचना जारी नही की जायेगी। निविदा से संबंधित सभी कोरिएण्डम/अडेण्डम सूचना ऑनलाईन वेवसाईट https:/www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)**
**// निविदा आमंत्रण घोषणा - पत्र //**

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्र.-200/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक- 12/12/2023

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (In Rs.) | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD _319275_1 | CONST. OF CENTRAL VERGE FROM KANCHAN NAGAR CHAURAHA TO BDA COLONY WARD NO 60 ZONE NO 14 | 4182938/- | 06 months |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (time)13.12.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 12.01.2024 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in Newspaper.

Executive Engineer
MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL
District Bhopal

नि.क्र. : 1234/023/024

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.)**
प्रारूप -28
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

एन.आई.टी. संख्या/8628/लो.नि.शा./ ई. टेंडरिंग/2023 सीहोर दिनांक : 13.12.2023

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है :-

| क्र.सं./पैकेज/कोड | आपूर्तियॉ | जिला (जिले) | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_318713_1 (IInd Call) | Construction of different works (stop dam,drain, retaining wall) to flood control under SDMF FUND in municipal area sehore | सीहोर | 7,61,02,630/- | 12 माह |
| 2023_UAD_319168_1 (VI-Call) | Construction of Multipurpose Gym and Swimming Pool in Sehore | सीहोर | 3,26,43,083/- | 12 माह |
| 2023_UAD_319015_1 (1st Call) | Construction of Stadium at Nagar Palika Parishad Sehore | सीहोर | 4,16,13,465/- | 12 माह |

1- इच्छुक निविदाकार वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते है। 2- निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 12.12.2023 प्रातः 11.00 से 26.12.2023 सांय 17.30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। 3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं। 4- इसके अतिरिक्त जानकारी हेतु कृपया कार्यपालन यंत्री श्री रमेश वर्मा से मोबाईल नं. 9425042640 पर संपर्क कर सकते हैं। 5- टेण्डर क्रमांक 2023_UAD_319015_1 11.01.2023 तक सांय 17.30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

(विकास प्रिंस राठौर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् सीहोर

(भूपेन्द्र कुमार दीक्षित)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

बैंक ऑफ बड़ौदा,
अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल

**मांग सूचना**

वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम , 2002 के रूल 3 (1) के अंतर्गत नोटिस।

जैसा कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम , 2002 के रूल 3 (1) के अंतर्गत बैंक द्वारा आप पर बकाया धन जमा करने हेतु निम्नवर्णित दिनांक को मांग नोटिस को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया था। उक्त नोटिस के द्वारा आप को बैंक द्वारा बकाया निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज आपके द्वारा नोटिस प्राप्ति के 60 दिन के अंदर जमा किया जाना है, जो कि हमारे बैंक में वापस आ गयी है। जिससे यह विश्वास करने का कारण उत्पन्न हो जाता है कि आप उस डिमांड नोटिस को प्राप्त करने से बच रहे है। अतः अब इस नोटिस के प्रकाशन के द्वारा आपको एतद् द्वारा बैंक बकाया धनराशि को चुकाने हेतु नोटिस दिया जाता है, कि बैंक को देय निम्नवर्णित ऋण राशि इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर हमारी बैंक में जमा कर दें । इस खाते से सम्बन्धित विवरण नीचे उल्लिखित है उक्त ऋण राशि का भुगतान न करने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूतिहित परवर्तन नियम 2002 के अंतर्गत किसी अथवा सभी अधिकारों का प्रयोग किया जा सकता है। नोटिस का विवरण निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | प्रतिभूति के रूप में बंधक की गई संपत्ति का विवरण | बकाया राशि / मांग सूचना दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स श्री मल्हार एसोसिएट्स** एचआईजी-212, बागमुगलिया, अरविंद विहार, भोपाल **श्रीमती जयश्री ग्रुंगलकर** [पार्टनर एवं जमानतदार] एचआईजी-212, बागमुगलिया, अरविंद विहार, भोपाल **श्रीमती मान्या वत्स** [पार्टनर, जमानतदार एवं बंधककर्ता) पताः (1) फ्लैट नंबर सी-4, यशोदा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 152, साकेत नगर, वार्ड नंबर 57, भोपाल, म.प्र. पताः (2) 10 ए, जानकी नगर, चूना भट्टी, कोलार, आरएस नगर, भोपाल 462016 | बंधक संपत्ति रिहायशी फ्लैट नंबर सी-4, पहली मंजिल, यशोदा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 152, साकेत नगर, वार्ड नंबर 57, भोपाल, म.प्र. क्षेत्रफल- 500 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्रीमती मान्या वत्स पत्नि प्रतीक वत्स चर्तुसीमाएँ- पूर्व- प्लॉट नं.167, पश्चिम-रोड उत्तर - प्लॉट नं.151, दक्षिण- प्लॉट नंबर 153 | O/s as on 30.10.2023 CC ₹ 1,03,95,516.50 TL /BGECLS ₹ 1,77,402.89/- TL /BGECLS ₹ 19,22,409.54/- Total ₹ 1,24,95,328.93/- 01.11.2023 NPA Date: 30.10.2023 |

इस नोटिस के द्वारा जन सामान्य को यह सूचित किया जाता है कि वे उक्त सम्पत्ति के समबन्ध में किसी प्रकार का समझोता / व्यवहार न करें एवम बन्धककर्ता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 (13) के नियमानुसार आप बैंक के पूर्व लिखित अनुमति के बिना प्रतिभूतिकृत सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकते।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 14-12-2023 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण आयुर्वेद कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** राधारमण आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय रिसर्च अस्पताल, भोपाल के बीएएमएस पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के सत्र आरंभ के उपलक्ष्य में ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के डीन प्रो. डॉ. महेश व्यास तथा आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के उप सचिव पंकज शर्मा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. प्रमेंद्र रघुवंशी ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय में मौजूद अत्याधुनिक शैक्षिक व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। पंकज शर्मा ने कहाकि विद्यार्थियों को आयुर्वेद के इतिहास और पूरे विश्व में बढ़ रही इसकी लोकप्रियता के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने आयुर्वेद के अध्ययन और इसमें बताई गई जीवन शैली को आत्मसात करने की बात कही। प्रो. डॉ. महेश व्यास ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए तथा आयुर्वेद के क्षेत्र में सफल होने सम्बंधी जरुरी सुझाव दिए। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने सभी नवागंतुक विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोविंद मोयल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.दर्पण गॉंगिल ने किया। इस अवसर पर डॉ. कुंदन डोडवे, डॉ.महेंद्र रघुवंशी, डॉ. राजू मीणा, डॉ. गायत्री तैलंग, डॉ.अमन मेहरा आदि उपस्थित थे।

### मानसरोवर प्रागंण में दीक्षारंभ पर संस्कृतमय हुए भावी वैद्य

**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस का आयुर्वेदिक महाविद्यालय प्रांगणसंस्कृतमय हो गाया। यहां तीन महाविद्यालयों के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को वदतु संस्कृतम् कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोचक तरीके से संस्कृत बोलना सिखाया गाया।



वहीं दूसरी ओर ऑर्गन डोनेशन, रक्तदान और जेंडर इश्यूज पर आधारित वक्तव्यों का लाभ लिया। मुख्य अतिथि मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट एवम ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांस्प्लांट काउंसलर संदीपन आर्य ने अंगदान के महत्व को समझाते हुए रक्तदान को एक परंपरा बनाने का प्रण दिलवाया। उन्होंने अंगदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवित रहते हुए भी अंगदान किया जा सकता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एआईजी दिपाली जैन ने लिंग संवेदीकरण के विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति है, लिंग संवेदीकरण की शुरुआत व्यक्ति अपने घर से करें। हम देश की सेवा अपनी संस्कृति को अपनाकर एवं सभी को समान अधिकार देकर करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में गैस्ट्रोलेप्रोस्कोपिक सर्जन और अध्यक्ष आरोग्य भारती डॉ. अभिजीत देशमुख ने कहा कि आयुर्वेद संसार की सबसे प्राचीन एवं उत्तम सफल चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद भारत देश को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक को मिला मप्र को मीडियम श्रेणी में प्रथम स्थान

**भोपाल।** अखिल भारतीय स्तर पर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में मध्यप्रदेश परिमंडल को मीडियम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



प्रधानमंत्री के वित्तीय समावेशन के स्वप्न को साकार करने एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को बचत बैंक खाते के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक निरंतर प्रयासरत हैक इसके अंतर्गत देशभर में वर्ष 2023 के दौरान चलाये गए महालॉगिन-डे अभियान के अंतर्गत मध्यम श्रेणी में मध्यप्रदेश डाक परिमंडल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ब्रजेश कुमार जी को सम्मानित किया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक लगातार अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे प्रीमियम खाते, ग्रुप एक्सीडेंटल बीमा, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, आदि के साथ आम जनता तक सुविधाएं पहुचाने के लिए प्रयासरत है।

### एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर भारत की पहली लिस्टिंग

**भोपाल।** एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग आशीष कुमार चौहान ,प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की उपस्थिति में हुई और इस मौके पर डॉ. आर बालासुब्रमण्यम अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी, रमेश स्वामीसंस्थापक निदेशक, उन्नति, अश्वनी भाटिया पूर्णकालिक सदस्य, सेबी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे। एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में भारत की पहली लिस्टिंग से नर्मदापुरम में भी उत्साह रहा ।



### फेडरल बैंक की शाखा अब रतलाम में भी खुली

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के अग्रणी कर्जदाता फेडरल बैंक ने मप्र में अपने नेटवर्क को मजबूती देने के लिए रतलाम अपनी शाखाएं खोली हैं। इसके साथ ही अब देश में बैंक की शाखाएं बढ़कर 1427 हो गई हैं।



ब्रांच के उद्घाटन पर बैंक और शहरों के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। डीपी वायर के एमडी प्रवीण कटारिया ने फीता काटकर ब्रांच का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में बैंक वाइस प्रेसिडेंट और जोनल हेड, नई दिल्ली शशिधरन सीएम, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट और एरिया प्रमुख अजय जुनेजा रतलाम ब्रांच हेड और मैनेजर सिद्धार्थ शुक्ला उपस्थित थे।

### सैनी इंडिया ने इस साल 44 मशीनें प्रदर्शित की

**बैंगलुरू।** कंस्ट्रक्शन उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी सैनी इंडिया ने दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट प्रदर्शनी एक्सकॉन 2023 में बड़ा बदलाव लाने वाले कंस्ट्रक्शन उपकरण को पेश किया है।



कंपनी की तरफ से इस साल कुल 44 मशीनें प्रदर्शित की गई हैं। इनमें 15 नए मॉडल शामिल हैं। इन मशीनों में मिट्टी के काम, उत्खनन, भारी सामान उठाने, गहरी नींव के काम, खनन ऑपरेशन, सड़क निर्माण और बंदरगाह उपकरण जैसे तमाम तरह के कामों लिए डिजाइन की गई अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मशीनें शामिल हैं। ये इलेक्ट्रिक मशीनें सुरक्षा, उत्पादकता या दक्षता से समझौता किए बिना बेहतर परिचालन क्षमता से लैस हैं। वर्तमान में 30,000 से अधिक सैनी मशीनें देश भर में हर बड़ी और छोटी इंफ्रा परियोजना में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं।

### वेदांतु खोलेगा 30 से अधिक ऑफलाइन सेंटर

**बैंगलुरू।** ऑनलाईन ऐडटेक प्लेटफॉर्म वेदांतु ने देश के विभिन्न शहरों में जेईई, नीट एवं फाउंडेशन कोर्सेज के लिए 30 से अधिक ऑफलाइन सेंटर खोलने की योजनाओं के साथ अपनी सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह के कोर्सेज के साथ वेदांतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिएप्रयासरत है और इस बातकी गारंटी देता है कि जेईई,नीट परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को भारत के टॉप अध्यापकों से सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन मिलेगा। वेदांतु के संस्थापकों के पास शिक्षा के क्षेत्र में 18 साल का समृद्ध अनुभव है, जिन्होंने छात्रों को लर्निंग का व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट सिस्टम का निर्माण किया है। वेदांतु का छात्रों के अनुकूल वातावरण उन्हें सवाल पूछने, हर जानकारी पाने और 24/7 सीखने का मौका देता है।

### उर्वरकों ने उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई: वैज्ञानिक

**भोपाल।** फर्टीलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 59वां सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'इनोवेशन इन फर्टीलाइजर एंड एग्रीकल्चर सेक्टर यानि उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में इनोवेशंस रहा। एन.सुरेश कृष्णन चेयरमैन, एफएआई, एससी मेहता, को-चेयरमैन, एफएआई, अरविंद चौधरी, डायरेक्टर जनरल, एफएआई तथा एफएआई के डायरेक्टर्स ने सम्मेलन को संबोधित किया। सेमिनार का उद्घाटन केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.मनसुख मंडाविया ने किया। एफएआई ने कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान एवं विकास में वैज्ञानिकों के योगदान तथा उत्पादन, पर्यावरण प्रदर्शन, सुरक्षा, लघु पोषक तत्वों के विपणन आदि के लिए पुरस्कारों की घोषणा भी की है। जिनका वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

चिंतन

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला

संसद में बुधवार को जो हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 2001 में जब संसद पर आतंकी हमला हुआ था, उस दिन भी हमलावर आतंकी संसद के अंदर नहीं पहुंच पाए थे, उन्हें बाहर ही मार गिराया गया था, पर आज आरोपी न केवल संसद के अंदर में घुसे, बल्कि निम्न सदन के अंदर पीले धुएं वाला स्प्रे भी फैला दिया। नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही चल रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा वाले इस संसद भवन में दो लोगों का अंदर घुसना व दो लोगों का बाहर प्रदर्शन करना संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यूं तो 2001 की संसद हमले की घटना के बाद से संसद की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान अपराह्न करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से अचानक दो लोगों का सदन के भीतर कूदना, धुआं फैलाना व नारे लगाना, सुरक्षा चूक का बड़ा मामला है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है, पर आरोपी ऐसा करके जो भी संदेश देना चाहते थे, पर यह आपराधिक कृत्य है। ऐसे लोगों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कतई माफी के लायक नहीं हैं। सरकार के खिलाफ या सिस्टम के खिलाफ नाराजगी जताने का यह तरीका एकदम गलत है। लोकतंत्र में ऐसे तरीके की इजाजत नहीं है। संसद की इस सुरक्षा चूक पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए, जैसा विपक्ष कर रहा है, सरकार पर हमलावर है। राज्यसभा में विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने की मांग की है। हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संसद पर हमले की बरसी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को सांसदों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। घुसपैठियों द्वारा संसद पर हमले की बरसी का दिन चुनना आतंकी साजिश की आशंका पैदा करता है। जिस तरह से वे संसद में पहुंच गए थे, अगर कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो, क्या होता? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है, जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। आज जो आज घटना घटी है वह सरकार के लिए चिंता का विषय है। यह लोकसभा या राज्यसभा का सवाल नहीं है। सवाल है कि इतनी बड़ी सुरक्षा के बीच दो लोग कैसे घुसने में कामयाब रहे? संसद की सुरक्षा की समीक्षा होनी चाहिए। हमारे सांसद जिनको भी सदन में आने के लिए सिफारिश करते हैं, वे सतर्क रहते हुए पूरी छानबीन के बाद ही ऐसा करें। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा मामले में हम सबने देखा कि हमारे सांसद सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं। गृह मंत्रालय को संसद की सुरक्षा की त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। भविष्य में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। संसद के अंदर व बाहर किसी भी तरह के आपराधिक कृत्य अक्षम्य होना चाहिए।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# सवालों में संसद की सुरक्षा

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था। क्योंकि आज से 22 बरस पहले आतंकियां द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, कल गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना हो कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न लें। आरोपियों की बुनी साजिश के जड़ तक जाना होगा? क्या उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है, लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ है कि साजिश की तासीर बहुत कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पर लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती हैं। संसद की एक-एक ईट पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। पीला धुआं फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे, क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र के आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को धता बताकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसिर्यों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। शुरुआती पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था, 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य सभी आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों से अभेद है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं, लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं। उनकी आशंकाओं को ध्यान में रखकर भी जांच करनी चाहिए, इसके अलावा उसी वक्त बाहर भी एक युवती-युवक ने भी तानाशाही से आजादी के नारे लगा थे उनसे भी कड़ाई से पूछताछ हो? देशवासियों में ये संदेश बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए कि जब संसद ही सुरक्षित नहीं तो वो भला कैसे सुरक्षित होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



एआई
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता दिखाई देगा।

# युवा बनाएंगे विकसित भारत की तस्वीर

12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैश्विक साझेदारी' (जीपीएआई) पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। ऐसे में भारतीय युवाओं में शीघ्र ही एआई कम्प्यूटरिंग क्षमता को बढ़ाने का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत देशभर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का इस्तेमाल टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में युवाओं को एआई कौशल सिखाने में भी होगा। इससे देश की नई पीढ़ी स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ाते हुए मानवीय मूल्यों के साथ देश के तेज विकास के लिए आगे बढ़ेगी।

इसी तरह 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के राजभवनों में आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि यह भारत का अमृतकाल है और भारत के इतिहास का ऐसा कालखंड है जब देश की नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मुठ्ठी में लेकर लंबी छलांगें लगाते हुए 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार कर सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से 10 दिसंबर को देश के विकास पर एक परिपत्र जारी करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास, समग्र शिक्षा, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया और उच्च व तकनीकी शिक्षा के विस्तार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे भारत डिजिटल कौशल से सुसज्जित नई पीढ़ी और तेज आर्थिक विकास के दम पर 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनते हुए विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकेगा। यकीनन इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जहां देश अपने पास दुनिया की सर्वाधिक 6.5 फीसदी विकास दर रखते हुए रोजगार के नए अवसर निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय कुशल श्रमिकों, डॉक्टरों और छात्रों ने ब्रिटेन की वीजा सूची में अपनी ऊंचाई कायम रखी है। जुलाई 2022 से जून 2023 के एक वर्ष में सबसे ज्यादा



भारतीयों को ही ब्रिटेन का वीजा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 के बीच भारतीयों को स्किल्ड वर्कर्स वीजा में करीब 63 फीसदी की बढ़ोतरी सामने आई है।

इसी तरह हाल ही में प्रकाशित ब्लूमबर्ग की नई रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार ने एक लाख भारतीयों युवाओं को इजराइल में नौकरी के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। इसी तरह भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता अतिशीघ्र ही होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ताइवान ने इस परिप्रेक्ष्य में भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। इन दिनों पूरी दुनिया में अर्थविशेषज्ञ एवं जनसंख्या विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत चीन की तरह अपनी युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं नए दौर के डिजिटल कौशल से सुसज्जित कर दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है। जबकि दूसरे स्थान पर चीन की इस रिपोर्ट के मुताबिक युवा आबादी के मामले में भारत की स्थिति चीन से अच्छी है। जहां इस समय भारत की करीब 50 फीसदी आबादी 25 साल में कम उम्र की है। वहीं 25.4 करोड़ आबादी 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में है। भारत की 66 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से भारत के ये आर्थिक आधार विकसित भारत की संभावनाओं के आधार हैं। विकसित देश बनने के लिए 2047 तक लगातार 7 से 8 फीसदी की दर से बढ़ना होगा।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं' और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। *-स्वामी विवेकानंद*

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टीएन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लड़के ने इनकार में सिर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है-मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

सटाका




आज की पाती

### जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तेवर पर लगाम जरूरी

कोर्ट के फैसले ने तो जम्मू कश्मीर और भारत के बीच संवैधानिक संबंध को धार देने का फैसला किया है।राष्ट्रपति के इस विशेषाधिकार फैसले को केंद्र की जीत बताई है और केंद्र ने संविधान के दायरे में रखकर कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की पीठ थपथपाई है। पाकिस्तान नैरेटिव फैलाने की कोशिश करने वाले घाटी में अनेक पत्रकार है। लिहाजा,आतंकवादी ताकतों को नाराज कर खुद को जोखिम में नही डाल सकते है। मोदी सरकार की वैधानिकता पर सुप्रीम की मोहर से कश्मीर गुलजार हो गया है। कश्मीरियों को जितनी खुशी हुई है शायद किसी को नही हुई होगी। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। संसद में दो विधेयक पेश कर पीओके की सीट नामित की गई है। 370 इस समय की कश्मीर के लिए और अवाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

### मेडिकल रिस्पांस सिस्टम तैयार



आज के भारत ने सबसे कम दामों में, सबसे उपयुक्त आपातकालीन मेडिकल रिस्पांस सिस्टम-भीष्म तैयार कर लिया है। यह एक ऐसी संकल्पना है जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में कम समय में कम कीमतों पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सक्षम है।
**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### सड़कों पर नरसंहार रोको



सड़कों पर प्रति मिनट 2 से अधिक मौतें होती हैं। हमारी सड़कों पर नरसंहार रोका जा सकता है। हम सभी देशों से सड़क सुरक्षा के केंद्र में कारों के बजाय लोगों को रखने का आह्वान करते हैं।
**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख**

### बयान दें गृहमंत्री



आज संसद में जो सुरक्षा में चूक हुई है वह गंभीर मामला है। हम मांग करते हैं कि गृह मंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें। ये प्रश्न है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कैसे दो लोग अंदर आए और गैस छोड़ी है?
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शक्तिशाली आर्थिक रणनीति



विकसित भारत हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक शक्तिशाली आर्थिक रणनीति है। एक विचार अर्थव्यवस्था जो तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे सामने आने वाली असंख्य चुनौतियों का समाधान करती है।
**-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति**

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉन आंध्र' का होगा विस्तार


अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी द्वारा संचालित अपनी तरह के पहले विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का विस्तार किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय भारतीय नृत्यों और भाषाओं में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अब विश्वविद्यालय अपने परिसर में विस्तार कर रहा है जहां एक मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय मानक का क्रिकेट स्टेडियम होगा और कृत्रिम मेधा जैसी उन्नत तकनीकों में नए पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। अमेरिकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का वर्तमान में मिलपिटास, कैलिफोर्निया में मुख्य परिसर है। वर्तमान में, यह विश्वविद्यालय छह 'मास्टर ऑफ आर्ट्स', पांच डिप्लोमा और पांच प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रदान करता है। अभी इसमें 230 छात्र हैं, जो 2017 के बाद से हुई छात्रों की संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि है। शुरुआत में इसमें 44 छात्र थे। 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' के अध्यक्ष आनंद कुचिभोटला ने हाल में एक साक्षात्कार में बताया, बहुत से लोग विश्वास नहीं कर सकते कि एक विश्वविद्यालय है जो भारतीय कला और भाषाओं में स्नातक कार्यक्रम प्रदान करता है... शुरू में, हमारे यहां केवल अमेरिका से छात्र थे, लेकिन अब यहां भारत, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और दुबई से भी छात्र हैं।




ऑफ बीट

## सोशल मीडिया दुष्प्रचार क्या है, हर व्यक्ति इसमें फंसा

सूचना युद्ध हर ओर चल रहा है, और ऑनलाइन मौजूद हर व्यक्ति इसमें फंसा है, चाहे वह इसे जानते हों या नहीं। दुष्प्रचार जानबूझकर उत्पन्न की गई भ्रामक सामग्री है जिसे स्वार्थी या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों से फैलाया जाता है। गलत सूचना के विपरीत, जिसे अनजाने में या अच्छे इरादों के साथ साझा किया जा सकता है, गलत सूचना का उद्देश्य अविश्वास पैदा करना, संस्थानों को अस्थिर करना, अच्छे इरादों को बदनाम करना, विरोधियों को बदनाम करना और विज्ञान और पत्रकारिता जैसे ज्ञान के स्रोतों को अवैध बनाना हो सकता है। कई सरकारें दुष्प्रचार अभियानों में संलग्न हैं। उदाहरण के लिए, रूसी सरकार ने यूक्रेन विरोधी प्रचार पर ध्यान आकर्षित करने के लिए मशहूर हस्तियों की छवियों का उपयोग किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने 30 नवंबर, 2023 को चेतावनी दी कि चीन ने अपने गलत सूचना अभियान को तेज कर दिया है। दुष्प्रचार कोई नई बात नहीं है, और अमेरिका सहित कई देशों द्वारा सूचना युद्ध का इस्तेमाल किया गया है। लेकिन इंटरनेट दुष्प्रचार अभियानों को अभूतपूर्व पहुंच प्रदान करता है। विदेशी सरकारें, इंटरनेट ट्रोल, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय चरमपंथी, अवसरवादी मुनाफाखोर और यहां तक कि भुगतान वाली दुष्प्रचार एजेंसियां भी संदिग्ध सामग्री फैलाने के लिए इंटरनेट का फायदा उठाती हैं।



शादी कार्यक्रम में चोरी करने और बच्चों से चोरी कराने वाले गिरोह ने 3 दिन में की 4 वारदात, पंद्रह दिन में पांच चोरी की घटनाएं

# शादी के स्टेज से गिफ्ट और लिफाफे का बैग चुराने वाला गिरोह सक्रिय
# पुराने शहर के दो मैरिज गार्डन में फिर वारदात, लाखों के जेवरात साफ

**निशातपुरा के रसधाम मैरिज गार्डन से ज्वेलरी चोरी, कोहेफिजा के स्वागत पैलेस से 70 हजार की नगदी, लिफाफे समेत लाखों के जेवरात चोरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादियों में स्टेज पर से गिफ्ट और लिफाफे से भरा बैग चुराने वाला गिरोह सक्रिय है। गिरोह ने तीन दिन में चार चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसी तरह पंद्रह दिन के अंदर यह पांचवीं चोरी की वारदात हुई है। सभी प्रकरणों में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर गिरोह की तलाश शुरू कर दी है। कोहेफिजा पुलिस ने बताया कि मोहम्मद आसिफ (35) करीब बक्श कालोनी, विश्राम घाट के पास छोला रोड पर रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। मंगलवार को उनकी शादी बैरागढ़ रोड स्थित लालघाटी के स्वागत पैलेस में थी। रात में स्टेज पर प्रोग्राम चल रहा था और लोग फोटो सेशन में लगे थे। रात करीब 11.50 बजे आसिफ ने अपना ब्राउन कलर का हैंडबैग पास ही कुर्सी पर रख दिया। करीब 5 मिनट बाद देखा तो उनका बैग चोरी हो चुका था। बैग के अंदर 70 हजार रुपए नगद, गिफ्ट में मिले 450 लिफाफे, सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, सोने का टीका, सोने का हार, सोने की चैन, सोने की अंगूटी, 2 जोड़ी सोने के झुमके, चांदी की 2 अंगूठी, घर की चाबियां और एक कीपेड वाला मोबाइल रखा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद आसिफ ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।


स्वागत पैलेस

## हैंड बैग स्टेज पर एक कुर्सी में रख फोटो खिंचवा रही थीं ताई

### रसधाम गार्डन से बैग चोरी

मैरिज गार्डन में दूसरी वारदात निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित रसधाम गार्डन में हुई। पुलिस के अनुसार अंकित सिंह ठाकुर मूलतः छिंदवाड़ा के हैं। वह एमपी नगर में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उनके ताऊ के बेटे की सोमवार रात रसधाम मैरिज गार्डन में शादी थी। रात करीब डेढ़ बजे स्टेज पर कार्यक्रम चल रहा था। उनकी ताई ने अपना हैंड बैग स्टेज पर एक कुर्सी में रख दिया और फोटो खिंचवाने लगी। इसी बीच किसी ने उनका हैंडबैग चुरा लिया। बैग के अंदर सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, सोने की नथ, सोने के कंगन, चांदी की पायल और चांदी की करधोनी समेत लाखों रुपये के आभूषण रखे हुए थे। परिवार वालों ने जब गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो रात करीब 1 बजकर 52 मिनट पर एक 17 साल का एक किशोर बैग उठाते हुए नजर आया।

### खजूरी सड़क और मिसरोद में हुई वारदात

एक दिन पहले रविवार को खजूरी सड़क और मिसरोद इलाके में भी इसी प्रकार की वारदातें हुईं। बैरागढ़ निवासी महेश प्रेमचंदानी इंजीनियर हैं। रविवार को उनके बेटे हिमांशु की शादी का कार्यक्रम खजूरी सड़क स्थित प्ले होटल में किया गया था। देर रात फोटो सेशन के दौरान स्टेज पर रखा गिफ्ट लिफाफों से भरा बैग चोरी हो गया था। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कोई कैद नहीं हुआ। इसी प्रकार सिमरोद स्थित थानांतर्गत गौरी ग्रीन गार्डन में औबेदुल्लागंज निवासी रवींद्र विजयवर्गीय के बेटे की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच उनकी पत्नी का जेवरातों से भरा बैग चोरी चला गया। गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक लड़का बैग उठाते हुए दिखाई दिया था। इसके पहले अयोध्या नगर में भी एक शादी गार्डन से बैग चोरी हो चुका है।

---

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगरी प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान में युवा और सामाजिक संगठन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे शहर में स्वच्छता का संदेश नागरिकों तक पहुंचाया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय के निर्देशन में बुधवार को आपूर्ति आजीविका स्व सहायता समूह के द्वारा वार्ड 3 गांधी चौक में सफाई अभियान चलाया गया है।

### युवक ने लगाई फांसी कुछ दिन पहले ही तय हुई थी शादी

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सब्जी फार्म इलाके में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह छोटे भाई ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। परिजन का कहना है कि कुछ दिन पहले युवक का रिश्ता तय हुआ था। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार सब्जी फार्म गुलाब नगर निवासी रवि कुशवाह पुत्र राकेश कुशवाह (24) माली का काम करता था। परिवार में मां व चार भाई हैं। फिलहाल किसी की शादी नहीं हुई है। रवि का रिश्ता गांधी नगर इलाके में तय हुआ था। परिजनों का कहना है कि वह अक्सर देर रात तक रिश्ता तय होने वाली लड़की से बात करता था।

### प्रेस क्लब की बैठक में प्रतिनिधियों ने बताई अपनी समस्याएं

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज प्रेस क्लब की बैठक अध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिससे वे लंबे समय से परेशान थे। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने प्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधन की बात कही।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी लहारपुर में मंगलवार दोपहर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआई शिवबाबू त्रिपाठी ने बताया कि राहुल वासनिक पिता धनराज वासनिक (30) एलआईजी 1/112, लहारपुर कटारा हिल्स में रहता था। राहुल की शादी नहीं हुई थी और वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मां ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे राहुल ने उनके साथ खाना खाया था। इसके बाद करीब साढ़े 11 बजे वह अपने कमरे में चला गया। मां बाहर धूप में बैठी हुई थी। करीब आधेघंटे बाद मां की नजर राहुल पर पड़ी तो वह फांसी लगा चुका था।

---

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित सपना लॉज का मामला

# लॉज में विवाद, कांच की बोतल से हमला कर मार्केटिंग एक्जीक्युटिव की हत्या




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित सपना लॉज में ठहरे मार्केटिंग एक्जीक्युटिव की पड़ोस के रूम में रहने वाले युवक ने हत्या कर दी। घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे के आसपास की है। हत्या के बाद आरोपी ने रिसेप्शन पर जाकर कर्मचारी से कहा था कि वह गिर गया है। कर्मचारी कमरे में देखने पहुंचा तो हत्यारा मौके से फरार हो चुका था। पीएम रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण पुलिस हत्या का मामला दर्ज नहीं किया है। पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप भदौरिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (44) त्रिलंगा शाहपुरा के थे। वे चॉकलेट कंपनी में मार्केटिंग एक्जीक्युटिव थे। उनकी पत्नी का कैंसर की बीमारी के कारण वर्ष 2018 में निधन हो चुका है। परिवार में दो बेटियां और एक बेटा त्रिलंगा स्थित मकान में रहते हैं। अमनदीप का अपने बच्चों से विवाद चल रहा था। विवाद होने के कारण एक महीने बीस दिन से वह लाज में रह रहे थे। 23 अक्टूबर को उन्होंने लॉज का रूम नंबर 102 बुक कराया था। 4 दिसंबर को उनके बगल वाले रूम नंबर 101 में नितिन बृजवासी निवासी, झारखंड आकर रह रहा था। नितिन ने होटल के कर्मचारियों को बताया था कि उसकी बहन आर्मी के शासकीय क्वार्टर में रहती है और उससे वह मिलने आया था, लेकिन बहन से कहासुनी के बाद उसे लॉज में रुकना पड़ रहा है।

- हत्या के बाद रिसेप्शन पर जाकर कर्मचारी से आरोपी बोला-वह गिर गया।
- शराब पीने के बाद हुआ विवाद, कांच की बोतल से हमला दाहिने हाथ की नस कटने से बह गया था खून।

## शराब पीने के बाद हुआ था विवाद

पड़ोस के रूम में रहने वाले नितिन बृजवासी से अमनदीप की दोस्ती हो गई थी। दोनों साथ बैठकर शराब पीते थे। मंगलवार रात भी दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। करीब 9 बजे के आसपास संदेही नितिन बृजवासी नीचे रिसेप्शन पर पहुंचा और उसने कर्मचारी गौरीशंकर से कहा कि रूम में अमनदीप गिर गए हैं और उन्हें गंभीर चोट आई है। यह बात सुनते ही कर्मचारी ऊपर कमरे में पहुंचा था। इधर, संदेह नितिन बृजवासी रिसेप्शन से फरार हो गया। कमरे में पहुंचे गौरीशंकर ने अमनदीप को खून से लतपथ देख पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी थी।

### हाथ की नस कटने से हुई मौत

थाना प्रभारी भदौरिया ने बताया कि अमनदीप के दाहिने हाथ की कोहनी के ऊपर गहरी चोट थी। नस कटने से काफी खून बह चुका था। एंबुलेंस की टीम ने प्राथमिक जांच में ही अमनदीप को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के बाद बच्चों को सौंप दिया है। पुलिस को अभी पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

### 100 से ज्यादा कैमरे देखे, तीन टीम कर रही तलाश

पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए लॉज और आसपास लगे 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे हैं। पुलिस की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम लगाई गई है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित सिरोंज रोड पर करारिया जोड़ और सुंदरपुर के बीच मंगलवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार धनवीर उर्फ सेतू पिता लखनसिंह अहिरवार (22) ग्राम मेगरा कला, तहसील बैरसिया में रहता था। वह मजदूरी करता था। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह बैरसिया से अपने गांव काम कर लौट रहा था। इस दौरान सिरोंज रोड पर करारिया जोड़ और सुंदरपुर के बीच उसकी बाइक को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को बुलाकर धनवीर को चेक कराया तो उसक मौत हो चुकी थी। बाइक को सामने से टक्कर लगने के कारण धनवीर को गंभीर चोट आई थी।

---

शासकीय शिक्षण संस्था संगठन की बैठक

# कक्षा 5वीं बोर्ड को लेकर निजी स्कूल संचालक परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ की बैठक संस्कार स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा पर विचार-विमर्श हुआ।

5वीं परीक्षा बोर्ड पैटर्न करने से विद्यार्थियों को कोई भी लाभ नहीं होता दिखाई दे रहा है, जिसे हम पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम के रूप में देख चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. मेनिस मेथयूज ने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी द्वारा शिक्षा नीति में कई प्रकार के बदलाव किए गए हैं। परंतु 5वीं बोर्ड परीक्षा का बोझ बच्चे वहन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जेडी से पत्र व्यवहार के माध्यम से अवगत कराया जाएगा कि 5वीं की बोर्ड परीक्षा को निरस्त किया जाए।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि कई वर्षों से विद्यालय को आरटीआाइ फीस का पूर्व के वर्षों की फीस का भी भुगतान नहीं किया गया है। पत्र व्यहवार के माध्यम से शिक्षा विभाग को पिछले वर्षों एवं 2022-23 की आरटीआाइ का भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए अवगत करवाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षण विष्णु गेहानी चंदर नागदेव, योगेश हिंगोरानी, कविता इसरानी, रश्मि अग्रवाल, हर्षिता शास्त्री, जाह्नवी शर्मा, आरके मिश्रा, आनंद वाधवानी उपस्थित थे।

### सोनिया का भारत सरकार के असीसमेंट कैंप के लिए चयन



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर की हॉकी खिलाड़ी सोनिया कुमरे का भारत सरकार द्वारा वर्ष 2028 ओलंपिक के लिए चयन किया गया है। जूनियर खिलाड़ियों का पूल तैयार करने के लिए देश की चुनिंदा जूनियर बालिका हॉकी खिलड़ियों का असीसमेंट 17 से 26 दिसंबर 2023 तक बेंगलूरु में किया जा रहा है, जिसमें कु. सोनिया 14 दिसंबर को बेंगलूरु के लिए जाएंगी।

---

# तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर, गंभीर घायल

## वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने बुधवार को नूरगंज जावरा निवासी रवि उईके को एक कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रवि उइके बेहोश हो गए थे। अभिषेक सेन और उनके साथियों ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल ओबेदुल्लागंज लेकर पहुंचे और उनका उपचार कराया। उनके सर में गहरी चोट आई थी, जिसके कारण उन्हें हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर कर दिया गया।

वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने इससे पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं। इसलिए छात्र संघ औबेदुल्लागंज ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि वीर सावरकर महाविद्यालय के सामने ब्रेकर्स बनाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। यहां अक्सर छात्र-छात्राओं का आना-आना बना रहता है, और तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाग्रस्त होकर वे चोटिल हो सकते हैं। यहां पर ब्रेकर बन जाने से दुर्घटना पर अंकुश लग सकती है।



# मंडीदप से मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर से भोपाल में आयोजित नव नियुक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। बुधवार को नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शपथ ग्रहण समारोह में नगर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा आम जन भी शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जिला मंत्री प्रेम शंकर साहू, मंडल महामंत्री राजेश भवरे, पार्षद प्रार्थना चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा पाल आदि मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए बैठक आयोजित

# बैठक में भारी मतों से जीतने पर विधायक पटवा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



आगामी 16 दिसम्बर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के सन्दर्भ में बुधवार को रायसेन भाजपा कार्यालय में अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

इस यात्रा का उद्देश्य सभी वांछित रहें हितग्राहियों को लाभ देना व सभी हितग्राहियों योजनायों को धरातल तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से हर शनिवार समीक्षा करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल सिंह, उदयपुरा विधायक नरेंद्र पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, राजेंद्र बबलू अग्रवाल, रविंद्र विजय आदि ने भारी मतों से विजय होने पर भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा का सम्मान किया। इस दौरान बैठक में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



### 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में संतनगर के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**संतनगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने सेन्ट्रल रीजन (भारत को जानो) प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्र अभिषेक बघेल एवं छात्र हर्ष यादव ने बाजी मारकर विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी व उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता जो भोपाल स्तर पर आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में 8 स्कूलों ने भाग लिया था, जिसमें से साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया।

---

मप्र मानव अधिकार आयोग ने 6 मामलों में लिया संज्ञान

# शहर के 1463 सरकारी कैमरों में से 388 बंद पुलिस कमिश्नर को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 6 मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला शहर के विभिन्न क्षेत्रों के करीब 388 सरकारी कैमरे बंद होने का है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल के वीआईपी क्षेत्र राजभवन, विधानसभा रोड़ एवं एयरपोर्ट रोड़, शिवाजी नगर, वीआईपी रोड़, पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क एवं लालघाटी जैसे अति सुरक्षित इलाकों में 1463 सरकारी कैमरों में से 388 कैमरे बंद है। इन सरकारी कैमरों की सही से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। इन्हीं बंद कैमरों के बीच हाल ही में विधानसभा चुनाव, उसकी मतगणना एवं कई वीवीआईपी के दौरे भी हो चुके हैं। पिछले दिनों शिवाजी नगर चैराहे पर बने ब्रेकर के कारण हादसा हुआ था, लेकिन भोपाल पुलिस इन बंद कैमरों के वजह से अभी तक इस हादसे का कारण पता नहीं कर सकी है।

### इन मामलों में भी जवाब तलब

आयोग ने हमीदिया अस्पताल में ब्लॉक-1 में लिफ्ट बंद होने से मरीजों के परेशान होने के मामले में अस्पताल अधीक्षक को जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने कोलार क्षेत्र में ललिता नगर बस स्टॉप के बिजली खंभे पर एक निजी कपंनी का कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के ही केबल ठीक करने के लिये खंभे पर चढ़ने के मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने सीएमडी, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि. भोपाल से जांच कराकर कर्मचारियों को सुरक्षा के लिये किये गये आवश्यक उपायों के संबंध में तथा त्रुटिकर्ता अधिकारी के विरूद्ध की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके साथ चूनाभट्टी इलाके में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस प्रभाुश कमल के घर पर लिफ्ट इंस्टाल करते समय दो क्विंटल वजनी लिफ्ट नीचे खडे 38 वर्षीय राजकुमार गुर्जर मैकेनिक के ऊपर गिरने से मैकेनिक की मौके मौत और शहर के एमपी नगर स्थित शिवाजी नगर चैराहा पर बीते कई दिनों में हुये हादसों की मुख्य वजह ओवर स्पीड और ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर होने के मामले में संज्ञान लिया है।

# डिवाइडर पर चढ़ी बाइक महिला की मौत, पति पर किया मामला दर्ज

**भोपाल।** प्रभात चौराहे के पास होंडा शोरूम के सामने बेतुके ढंग से बने डिवाइडर ने एक महिला की जान ले ली। वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थीं। डिवाइडर पर वाहन चढ़ जाने से पीछे बैठी महिला सिर के बल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें पहले नर्मदा अस्पताल और फिर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब एक माह चले इलाज के दौरान महिला की एम्स अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पति के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पत्नी की मौत के बाद प्रकरण में धारा 304ए बढ़ाई जा सकती है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सक्सेना विंध्याचल भवन में सहायक सांख्यिकी आधिकारी हैं। विगत 14 नवंबर की शाम पत्नी अलका सक्सेना के साथ जाते समय हादसा हुआ था।

मंदिरों में अष्टद्रव से पूजा-अर्चना कर किया अभिषेक

# 9वें तीर्थंकर पुष्पदंत नाथ का मनाया जन्म और तप कल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत स्वामी का बुधवार को जन्म व तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन, सचिव अभिनेष जैन ने बताया कि नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। सुबह भगवान पुष्पदंत स्वामी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इस दौरान मंत्रोच्चार के साथ जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाए और जयकारों के बीच श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व शांति की मंगल कामना के साथ शांतिधारा की गई।

संसद हमले की 22वीं बरसी पर घटना को लेकर डरे सांसद

# हमारे साथ कुछ भी हो सकता था, यह एक भयानक अनुभव था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोगों के कूदने की घटना ने सांसदों को डरा दिया। इससे लोकसभा में मौजूद सभी सांसद सकते में आ गए। कुछ सांसद तो चुपचाप बैठे रहे। अपनी जगह से हिले तक नहीं। लेकिन, कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाई और उत्पातियों की जमकर धुनाई भी कर दी। इस पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और डिंपल यादव से लेकर कई सांसदों ने बयान दिया है। सभी ने कहा कि यह सुरक्षा में बड़ी चूक का मसला है।

### युवकों ने नारेबाजी की, धुआं हानिकारक भी हो सकता था

कांग्रेस सांसद कीर्ति चिदंबरम ने मीडिया से बात करते हुए लोकसभा में हुए इस



घटना का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि अचानक दर्शक दीर्घा से दो 20 वर्षीय लड़कों ने छलांग लगा दी। दोनों के हाथों में कनस्तर था, जिसमें पीले रंग का पाउडर था। उनमें से एक स्पीकर की तरफ बढ़ रहा था। उन लोगों ने नारेबाजी भी किए।

### सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए: डिंपल

संसद में सुरक्षा में हुई चूक पर समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल



यादव ने कहा कि जो भी संसद में आए, वे या तो दर्शक थे या पत्रकार। उनके पास टैग नहीं था। मुझे लगता है कि सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से सुरक्षा में चूक है। लोकसभा के अंदर कुछ भी हो सकता था।

### यह एक गंभीर मामला अधीर रंजन बोले

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि दो



युवाओं ने लोकसभा में छलांग लगा दी। उन्होंने कुछ फेंका जिससे गैस निकलने लगा। सांसदों ने उन्हें पकड़ा, बाद में सुरक्षाकर्मी उन्हें बाहर ले गए। सदन को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि आज 2001 में संसद भवन में हुए हमले की बरसी है।

### कोई घायल नहीं हुआ: सावंत

शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने बताया कि इस घटना



में कोई भी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब उन लोगों ने छलांग लगाई तब पीछे की सभी बेंच भरी हुई थी, इसलिए वह पकड़े गए। दो मंत्री सदन के अंदर थे।

### यह घटना भयानक थी: बंधोपाध्याय

टीएमसी सांसद सुदीप बंधोपाध्याय ने इस घटना को



भयानक बताया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी उनके मकसद का अंदाजा नहीं था। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं यह भी नहीं मालूम। हम सदन से तुरंत बाहर निकल गए।

### मामले की कार्रवाई त्वरित एवं सख्त हो: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुरक्षा में चूक की



निंदा की। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि साल 2001 के संसद पर हमले की बरसी पर यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरी तरह से अपमान है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है। सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

### खरगे ने गृह मंत्री से मांगा जवाब

संसद पर हमले की वार्षिकी पर फिर सुरक्षा में चूक का मामला




सामने आया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग की है। उन्होंने पूरे मामले को गंभीर बताया। खरगे ने सोशल साइट एक्स पर ट्वीट किया है।

## खबर संक्षेप

### ड्रग तस्कर 3.85 करोड़ के गांजे के साथ धराया

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वॉन्टेड अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी के मुख्य आरोपी लक्ष्मीकांत प्रधान और



उसके सह-सहयोगी बिद्याधर बृंदाबन प्रधान को 1820 किलोग्राम गांजा मामले में ओडिशा के गंजम जिले से गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत 3.85 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर भीषण आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लगने का



मामला सामने आया है। फायर बिग्रेड की 8 से 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। रेलवे स्टेशन के वेटिंग एरिया में टिकट आरक्षण केंद्र के ऊपर बने जन आहार कैंटीन में ये आग लगी है। रेलवे परिसर में आग से काफी नुकसान हुआ है। कैंटीन में चिमनी बनाने का काम हो रहा था।

### सीबीएसई में शिफ्ट होंगे लक्षद्वीप के स्कूल

**नई दिल्ली।** लक्षद्वीप प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में शिक्षा विभाग के तहत सभी स्कूलों को मलयालम



से सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम में बदलने का निर्णय लेकर अपनी शिक्षा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की घोषणा की है। शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी किया है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से सभी स्कूल ग्रेड 1 से छात्रों को प्रवेश देंगे।

### सुनारिया जेल पहुंचा डेरा प्रमुख राम रहीम

**अमृतसर।** रेप और हत्या के केस में हरियाणा की रोहतक जेल में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम की 21



दिन के फरलो की अवधि समाप्त हो गई है। लग्जरी गाड़ियों के साथ राम रहीम बरनावा आश्रम से सुनारिया जेल के लिए रवाना हुआ। वह 21 नवंबर को रोहतक की सुनारिया जेल से बागपत के बरनावा आश्रम में पहुंचा था।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर जताई नाराजगी

# केंद्र, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब से मांगी स्टेटस रिपोर्ट... दो महीने की मोहलत दी

मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि खेतों में आग लगना पूरी तरह बंद होना चाहिए। केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान कहा...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मामले पर निगरानी रखेगा ताकि अगले साल फिर वही स्थिति न बने। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि खेतों में आग लगना पूरी तरह बंद होना चाहिए।

इस मामले पर पंजाब सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल कर कहा है कि पराली जलाने पर लोगों पर लगाए गए जुर्माने की वसूली 53 फीसदी बढ़ी है और 2023 में खेतों में आग लगना कम हो गया है। हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने तीव्र परिवहन प्रणाली के लिए पानीपत और अलवर लाइन को मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण कम होगा। हालांकि इस प्रोजेक्ट को केंद्र की मंजूरी का इंतजार है। इस पर केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी।

पंजाब सरकार ने दाखिल कर दिया हलफनामा

हरियाणा सरकार ने भी अदालत को दी जानकारी

### शीर्ष कोर्ट बोला- वह मामले पर निगरानी रखेगा। अगले साल फिर वही स्थिति नहीं बननी चाहिए



### पिछले माह ही समाधान करने को कहा था

7 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रदूषण का तत्काल समाधान होना चाहिए। इस मामले में हमारा जीरो टॉलरेंस है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने की घटना के लिए स्थानीय एसएचओ जिम्मेदार होंगे। प्रदूषण पर राजनीतिक लड़ाई नहीं होनी चाहिए। पराली जलाना प्रदूषण की मुख्य वजह है, दूसरा वाहनों की वजह से होने वाला प्रदूषण है।

### दिल्ली सरकार बताए प्रदूषण को कम करने के लिए क्या किया?

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा था कि गाड़ियों के प्रदूषण को कम करने के लिए आपने क्या कदम उठाया? कोर्ट ने दिल्ली में स्मॉग टावर बंद पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताते हुए दिल्ली सरकार से पूछा था कि स्मॉग टावर कब काम करेंगे। कोर्ट ने कहा कि स्मॉग टावर तुरंत शुरू होना चाहिए।

### कम से कम अगली सर्दियों को बेहतर बनाने का प्रयास करें

मौजूदा साल सर्दियों में प्रदूषण से निपटने में नाकाम रही सरकारों पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की और कहा कम से कम अपनी अगली सर्दियों को बेहतर बनाने का प्रयास करें। सर्दियां बढ़ने वाली हैं। पीठ को अटॉर्नी जनरल ने कैबिनेट सचिवालय के नेतृत्व वाली बैठकों की जानकारी दी।

### खेतों में लगने वाली आग अभी भी गंभीर मुद्दा

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया कि हलफनामे से पता लगा है कि पर्यावरण उपकर की 53 फीसदी वसूली हुई है। इसमें तेजी लानी होगी। मुद्दा यह है कि खेतों में लगने वाली आग अभी भी गंभीर मुद्दा है, यह सब रुकना चाहिए। अटॉर्नी जनरल ने एक्यूएम इंडेक्स पर उठाए जाने वाले कदमों और सचिवों की बैठकों पर केंद्र का मसौदा प्रस्तुत किया है।

### सख्त कदम उठाएं और हलफनामा दें

सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया कि हम राज्य सरकारों को दो माह में एजी के नोट के संबंध में कदम उठाने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हैं। रिपोर्ट में अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को भी आवश्यकतानुसार रिपोर्ट लागू कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी. इस दौरान एक वकील ने कहा कि आज एक्यूआई 376 है। ऑड-ईवन से केवल वाहन कम हुए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम को कचरा जलाने के मुद्दे पर गौर करने को कहा गया, ताकि यह गंभीर न हो और अगली सर्दियों में इसकी पुनरावृत्ति न हो। ऐसे में यह उचित होगा कि निगरानी और रिपोर्ट रखने के लिए एक समिति की मौजूदगी में भी इस मामले को दोबारा सूचीबद्ध किया जाए।

भड़काऊ पोस्ट पर बॉम्बे हाईकोर्ट बोला

# अभिव्यक्ति की आजादी सत्य 'सीमा' को नहीं लांघ सकती

अदालत ने कहा अन्यथा हो सकते हैं विनाशकारी परिणाम



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती अन्यथा इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने ऑटोमोबाइल कलपुर्जा निर्माण कंपनी 'हिताची एस्टेमो फी' के एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति की व्यवस्था बरकरार रखते हुए यह बात कही। दरअसल, कर्मचारी ने कंपनी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक'पर दो भड़काऊ पोस्ट किए थे, जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद कर्मचारी ने श्रम अदालत का रुख किया था, जहां से बर्खास्तगी को रद्द करने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश को कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### कंपनी के खिलाफ किए गए थे पोस्ट

न्यायमूर्ति जाधव ने आदेश में कहा कि ये पोस्ट नफरत भड़काने के स्पष्ट इरादे से कंपनी के खिलाफ किए गए थे और ये लोगों को उकसाने वाले थे। ऐसे कारनामों के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिए जाने की जरूरत है।

### ऐसी हरकतों को शुरू में ही रोक देना चाहिए

उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतों को शुरुआत में ही रोक दिया जाना चाहिए। बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि इसकी अनुमति दी गई, तो इसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

### घटना होने का इंतजार नहीं किया जा सकता

पीठ ने यह भी कहा कि किसी भी मामले में और किसी तरह की घटना होने का इंतजार नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए तथा ऐसी हरकतों को शुरू में ही रोकने की जरूरत है।

वित्त मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

# पीएमजेडीवाई के तहत 2 लाख करोड़ से अधिक रकम जमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत नवंबर तक कुल 51.04 करोड़ बैंक अकाउंट खोले गए हैं, जिनमें 2,08,855 करोड़ रुपए की जमा राशि है। यह बात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किसनराव कराड ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कही। 22 नवंबर तक कुल 4.30 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में जीरो बैलेंस है।

### इस योजना को 2014 में किया गया था लॉन्च

पीएमजेडीवाई को वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के रूप में 28 अगस्त 2014 को लॉन्च किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 9 साल पहले शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत 51 करोड़ बैंक खातों में अब तक 2.08 ट्रिलियन (2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की रकम जमा की जा चुकी है।

आप को बड़ा झटका

### विधायक भूपत भयानी भाजपा में हुए शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है पार्टी के नेता भूपत भयानी ने



विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। वह जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भूपत भयानी ने विधायक पद से अपना इस्तीफा गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को सौंप दिया है। गुजरात में आम आदमी पार्टी की जीती हुई पांच सीटों में से अब सिर्फ चार सीटें बची हैं। भयानी ने मीडिया को बयान दिया है कि उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है।

तापमान माइनस 7 डिग्री पर पहुंचा, पहली बार इतना हिमपात

# सफेद चादर में लिपटा केदारनाथ धाम बर्फ को पिघलाकर पानी पी रहे लोग

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने अब मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ा दी है। सुबह शाम गलन वाली ठंड पड़ रही है तो दिन में मैदानी क्षेत्रों में धूप निकल रही है। सुबह-शाम कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक हिमालय पर्वत श्रृंखला पर बर्फ बिछ गई है। इस शरद ऋतु में पहली बार भारी हिमपात हुआ है।

चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर जिले में ऊपरी पहाड़ियों पर भारी बर्फबारी होने से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। चारधाम में मंगलवार दोपहर से ही बर्फबारी हो रही है। फूलों की घाटी, हेमकुंड साहिब, तुंगनाथ, मद्महेश्वर, हर्षिल, उत्तरकाशी और औली क्षेत्र भी बर्फ से ढंक गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पहाड़ों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।



**झरने-नालों का पानी जमा**

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी में तो ठंड के चलते छोटे झरने और नालों का पानी भी जमने लगा है।

### पड़ रही कड़ाके की ठंड

मंगलवार को सुबह से ही केदारनाथ धाम में बादल छाए हुए थे, जिससे तापमान माइनस आठ डिग्री तक पहुंच गया था। दोपहर बाद धाम में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। केदारनाथ धाम में ठंड के चलते यहां रहे मजदूरों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बदरीनाथ में तापमान अधिकतममाइनस 1 और न्यूनतम 8 डिग्री, औली में अधिकतम 3, न्यूनतम 3, जोशीमठ में अधिकतम 9 और न्यूनतम माइनस 2 रहा।

**पुनर्निर्माण कार्य कर रहे मजदूर परेशान**

केदारनाथ धाम में तो आज तापमान माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया है। गंगोत्री-यमुनोत्री में भी पारा शून्य से नीचे चला गया है। निचले इलाकों में बादल छाने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि पुनर्निर्माण कार्य कर रहे मजदूर बर्फ को गला कर पानी पी रहे हैं। नलों में पानी जम चुका है।

आज मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस'

# सभी लोगों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ानी होगी

राष्ट्रपति विज्ञान भवन में समारोह में भाग लेंगी, वितरित करेंगी पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' मनाया जाता है। इसका आयोजन ऊर्जा मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो करता है। इस ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था।

इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह में भाग लेंगी। वे जनसमूह को संबोधित करेंगी और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवोन्मेषण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल और विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

### भविष्य में परंपरागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट हो जाने का खतरा

जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ बढ़ रही ऊर्जा की खपत दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है




और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरंतर बढ़ रही है। दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है। उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।

### छोटे उपाय भी जरूरी

कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआईविद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि बंद रखें।

### ऊर्जा स्रोतों को बचाने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' अहम

भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने विश्व भर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच प्रभावशाली बनाने मनाया जाता है।

**ऊर्जा की बचत के लिए लोगों को प्रेरित करें**

इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। इसी क्रम में विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' शुरू किया गया। यह एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान बन गया है।

# गगनयान मिशन के लिए अब खुद का ईसीएलएसएस विकसित कर रहा इसरो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन 'गगनयान' के लिए पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली (ईसीएलएसएस) को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गगनयान परियोजना में परिकल्पना की गई है कि मानव चालक दल को चार सौ किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च किया जाएगा और फिर उन्हें भारतीय समुद्री जल क्षेत्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लाया जाएगा। इसे 2025 में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। वह गोवा के विज्ञान, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डोना पाउला में आयोजित कार्यक्रम मनोहर पर्रिकर विज्ञान महोत्सव




2023 के पांचवें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने अब ईसीएलएसएस को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम अपने पास मौजूद ज्ञान का उपयोग करके और हमारे पास मौजूद उद्योगों का इस्तेमाल करके भारत में इसे विकसित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब हम अपने गगनयान कार्यक्रम के जरिए इंसानों को अंतरिक्ष में भेज रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास जो कौशल और आत्मविश्वास होना चाहिए।

### 'कोई भी देश ईसीएलएसएस हमें देने के लिए तैयार नहीं'

*सोमनाथ ने कहा, हमारे पास पर्यावरण नियंत्रण जीवन समर्थन प्रणाली विकसित करने का कोई अनुभव नहीं है। हम केवल रॉकेट और उपग्रह डिजाइन कर रहे थे। हमने सोचा था कि यह ज्ञान अन्य देशों से आएगा। लेकिन, दुर्भाग्य से इतनी चर्चा के बाद कोई भी इसे (ईसीएलएसएस) हमें देने के लिए तैयार नहीं है।*

# इस्लामिक देशों के संगठन को भारत ने लगाई 'लताड़'

## ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जाहिर की थी चिंता

प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को खारिज करता है। यह गलत सूचना और गलत इरादे वाला है।

### कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर दिया था बयान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

धारा 370 पर 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर चिंता जताने पर मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी को भारत ने जमकर लताड़ लगाई है।

दरअसल ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता जाहिर की थी। ओआईसी सचिवालय द्वारा जारी बयान के संबंध में, आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को खारिज करता है।

### प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा ओआईसी के इरादे और सूचना गलत



सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को माना वैध

कोर्ट ने सभी चुनौतियों वाली याचिकाओं को किया खारिज

**आतंकवादियों के इशारे पर काम**

अरिंदम बागची ने कहा कि यह गलत सूचना और गलत इरादे वाला है। ओआईसी ऐसा मानवाधिकारों के सिलसिलेवार उल्लंघनकर्ता और सीमा पार आतंकवाद के एक बेपरवाह प्रमोटर के इशारे पर करता है, जिससे उसकी कार्रवाई और भी संदिग्ध हो जाती है। इस तरह के बयान केवल ओआईसी की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।

### जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों से अलग विशेष दर्जा प्रदान करता था

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया है। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को संविधान के इस प्रावधान के खत्म कर दिया था। यह प्रावधान जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों से अलग विशेष दर्जा प्रदान करता था। इसके बाद भारत सरकार के इस कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे सोमवार को शीर्ष अदालत ने खारिज करते हुए अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को वैध करार दिया। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को भी सही ठहराया है।

### केंद्र सरकार के बंधे थे पूरी तरह से हाथ

इस कारण इस अनुच्छेद को हटाए जाने तक राज्य की जनता सीधे तौर पर भारत के संविधान के अधीन नहीं थी। जम्मू-कश्मीर की जनता के अपने कानून थे। इनमें नागरिकता, संपत्ति और मौलिक अधिकार से जुड़े कानून भी शामिल थे। अनुच्छेद 370 के तहत केंद्र सरकार के हाथ पूरी तरह बंधे थे। वह राज्य में वित्तीय आपातकाल नहीं लगा सकती थी। भारत सरकार केवल युद्ध के वक्त राज्य में आपातकाल लगा सकती थी। यहां तक कि भारत के नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे। वे जम्मू-कश्मीर में बस नहीं सकते थे।

## खबर संक्षेप

### जापान में एमपॉक्स से हुई पहली मौत, डब्ल्यूएचओ ने जताई हैरानी

**टोक्यो।** जापान में एमपॉक्स के कारण सैतामा प्रान्त में रहने वाले 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वह व्यक्ति इम्युनोडेफिशिएंसी से पीड़ित था।



गौरतलब है कि बीते मई में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा था कि एमपॉक्स अब ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी नहीं है। ऐसे में जापान का यह ताजा मामला चिंता का विषय बन सकता है। मालूम हो कि एमपॉक्स को पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले साल नवंबर में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स का नाम बदलकर 'एमपॉक्स'कर दिया है। जापान में एमपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि पिछले साल जुलाई में हुई थी।डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को जुलाई, 2022 में एक वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था।

### इजराइली सेना : गाजा की सुरंगों में भर रहा समंदर का पानी

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली सेना गाजा में हमास के सुरंगों को कई दिनों से तबाह करने में जुटी है। गाजा में इजराइली सेना सुरंगों में समंदर का पानी भर रही है।



अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में पानी भरने से सुरंगें तबाह हो जाएगी और भविष्य में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इससे गाजा के शुद्ध पानी के गंदा होने का खतरा पनप रहा है। माना जा रहा है कि सुरंगों को समंदर के पानी से पूरी तरह भरने में इजराइली सेना को काफी समय लग जाएगा। हमास ने दावा किया है कि 40 किलोमीटर लंबी और 10 किलोमीटर गाजा पट्टी में उसने 500 किलोमीटर लंबी सुरंगों का नेटवर्क तैयार किया हुआ है। इन सुरंगों से बाहर निकलने के लिए स्कूल, मस्जिद में एक्सेस पॉइंट बनाए गए हैं।

### चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रोजेक्टस से अलग हुआ इटली

**नई दिल्ली।** इटली की सरकार ने 6 दिसंबर 2023 को आधिकारिक तौर पर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट से खुद को बाहर करने की घोषणा की थी।



इटली प्रशासन ने चीन को जानकारी दी कि उनका देश साल 2023 के खत्म होने से पहले ही इस प्रोजेक्ट से बाहर आ जाएगा। इस प्रोजेक्ट के साथ इटली साल 2019 में जुड़ा था। खास बात ये है कि चीन की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बीआरआई पर उस साल हस्ताक्षर करने वाला इटली एकमात्र प्रमुख पश्चिमी देश था। ऐसे में अब इस प्रोजेक्ट से इटली का पीछे हट जाना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। इटली चीन के इस बीआरआई के साथ साल 2019 में पहली बार जुड़ा था और साल 2024 के मार्च महीने में दोनों देशों के बीच के समझौते की अवधि समाप्त होने वाली थी।

### गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित, भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

# यूएनजीए ने उठाया बड़ा कदम, अब हमास-इजराइल युद्ध पर लगेगी लगाम

*संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर को भारी बहुमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें गाजा में युद्धविराम की मांग की गई। भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में मतदान किया। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल सहित दस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 23 देशों ने भाग नहीं लिया।*

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम के साथ-साथ सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई की मांग की गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर को भारी बहुमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें गाजा में युद्धविराम की मांग की गई। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने एक्स और वेबसाइट पर साझा की है।

संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है।

**खास बातें**

- सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की आपात बैठक से 23 देश रहे प्रस्ताव से नदारत

7 अक्टूबर का आतंकवादी हमला और बंधक बनाने पर जताई चिंता

गाजा में बड़ा मानवीय संकट, बड़े पैमाने पर हो रही जनहानि



### रुचिरा बोलीं- गाजा में मानवीय संकट

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज का कहना है कि भारत ने महासभा द्वारा अभी अपनाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। जिस स्थिति पर यह अगस्त निकाय विचार-विमर्श कर रहा है, उसके कई आयाम हैं। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को इजराइल में आतंकवादी हमला और उस समय बंधक बनाए गए लोगों के लिए चिंता का विषय है। वहाँ एक बड़ा मानवीय संकट है और बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन की हानि हो रही है।

### जरूरी है अंतरराष्ट्रीय समुदाय की एकता

उन्होंने कहा कि इस असाधारण कठिन समय में हमारी चुनौती सही संतुलन बनाए रखना है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 को लागू करते हुए महासचिव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों की गंभीरता और जटिलता को रेखांकित किया गया है। इसलिए, हम इस तथ्य का स्वागत करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की एकता इस समय क्षेत्र के सामने मौजूद कई चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा आधार खोजने में सक्षम है।

### अमेरिका चला अपनी राह

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका युद्ध विराम प्रस्ताव से सहमत नहीं है। अमेरिकी दूत ने युद्ध के लिए सीधे तौर पर हमास को दोषी ठहराया। इजराइल के राजदूत गिलाद अर्दान ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा है कि युद्ध रोकने से केवल हमास को फायदा होगा। इजराइल और फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच संघर्ष चल रहा है।



### यह देश उतरे पक्ष में

तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले प्रस्ताव को अल्जीरिया, बहरीन, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन सहित कई देशों द्वारा प्रायोजित किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल सहित दस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 23 देशों ने भाग ही नहीं लिया। भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में मतदान किया।

### कानूनों का उल्लंघन

यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। तत्काल युद्ध विराम का समर्थन जताया है। प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया।

### मनीला भेजा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत

# चीन के खिलाफ फिलीपींस की मदद को आगे आया भारत



एजेंसी ▸▸ मनीला

दक्षिण चीन सागर में चीन से संघर्ष के बीच भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत फिलीपींस पहुंचा है। फिलीपींस और चीन में दक्षिण चीन सागर में स्थित द्वीपों को लेकर चरम पर तनाव है।

■ फिलीपींस और चीन के मध्य द्वीपों को लेकर चरम पर तनाव

अभी हाल में ही चीनी तटरक्षक बल के युद्धपोतों ने फिलीपीन नौसेना के पोत पर वाटर कैनन से हमला किया था।

इस हमले में फिलीपीनी नौका को भारी नुकसान भी पहुंचा था। इसके बाद से दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस ने अपनी नौसैनिक उपस्थिति को बढ़ा दिया है। इस बीच फिलीपींस की राजधानी मनीला में भारतीय युद्धपोत के पहुंचने को काफी अहम घटना माना जा रहा है। भारत और फिलीपींस के बीच रणनीतिक रूप से काफी मजबूत संबंध हैं। भारत ने हाल में ही फिलीपींस को 7 स्वदेशी एएलएच मार्क-3 हेलीकॉप्टर ऑफर किया है।

### फिलीपींस में युद्धाभ्यास करेगा भारतीय युद्धपोत

भारतीय नौसेना का कामोर्टा क्लास का पनडुब्बी रोधी कॉर्वेट आईएनएस कदमत फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचा है। आईएनएस कदमत इन दिनों इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत के हितों की रक्षा के लिए गश्त लगा रहा है। यह आईएनएस कदमत की दूसरी फिलीपींस यात्रा है। इससे पहले यह युद्धपोत अक्टूबर 2017 में भी फिलीपींस पहुंचा था। 13 दिसंबर को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कदमत और फिलीपीन नौसेना के बीआरपी रेमन अलकराज के बीच पश्चिम फिलीपीन सागर में एक समुद्री साझेदारी अभ्यास भी प्रस्तावित है।

### भारतीय राजदूत ने फिलीपींस को बताया करीबी दोस्त

फिलीपींस में भारत के राजदूत शंभू कुमारन ने इस क्षेत्र में फिलीपींस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उन्होंने साथी लोकतंत्रों के रूप में दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों पर प्रकाश डालते हुए भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत साझेदारी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शांति और स्थिरता में हमारा साझा हित है। इसलिए आप उम्मीद करेंगे कि भारत एक मजबूत नौसेना और समुद्री सुरक्षा जुड़ाव जारी रखेगा।

### महादेव एप मामले में कार्रवाई

# महादेव एप का मालिक रवि उप्पल दुबई से हुआ गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ दुबई

छत्तीसगढ़ की सियासी चूले हिला देने वाले महादेव ऐप का मालिक अंततः दुबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जल्द ही भारत लाने के प्रयास तेज हो गए है।



दुबई पुलिस ने उप्पल के अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले इंटरपोल ने रवि उप्पल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। भारतीय एजेंसियां दुबई सुरक्षा एजेंसियों के साथ संपर्क बनाए हुए हैं।

**आरोपों से इनकार**

रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर ने एक बयान में महादेव ऐप और सट्टेबाजी घोटाले में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इन लोगों ने इसके लिए शुभम सोनी नाम के शख्स को जिम्मेवार ठहराया है। ईडी ने यूएई में भारतीय दूतावास से शुभम सोनी का बयान लिया है। ईडी के साथ-साथ मुंबई पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस जांच कर रही है।

### भारत लाने के लिए प्रयास तेज

# जापान में दुनिया की पहली एयर टैक्सी भरेगी उड़ान

एजेंसी ▸▸ टॉक्यो

जापान, दुनिया का पहला देश बनने जा रहा है, जो एयर टैक्सी के लिए टेक-ऑफ और लैंडिंग का बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है।



माना जा रहा है कि जापान अपने प्रमुख शहरों में एयर टैक्सियों की सेवा देने वाला पहला देश बन जाएगा। हालांकि अमेरिका भी इस होड़ में शामिल है। इसके बाद भारत ने भी एयर टैक्सी के लिए भारत लाने की कोशिश में अभी से जुट गया है। जिसके परिणाम जल्द आने वाले हैं।

**एयर टैक्सी को लेकर उत्साहित हैं जापानी**

जापान के लोग भी इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि जापान परिवहन के मामले में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। वहाँ संकरी गलियां और जमीन के ऊपर बिजली लाइनों का विशाल नेटवर्क होने के कारण लोगों के आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

### 10 विदेशी संसदों में भी सुरक्षा में चूक

# ब्रिटिश संसद में घुसा आतंकी, श्रीलंकाई में ग्रेनेड हमला, ऑस्ट्रेलिया में आग लगाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*भारत के संसद भवन पर हमले की 22वीं बरसी के दिन बुधवार को लोकसभा में फिर सुरक्षा चूक का मामला सामने आया। इसके पूर्व में भी 13 दिसंबर 2001 को पुरानी संसद की इमारत में 5 आतंकियों ने हमला किया था। इसमें दिल्ली पुलिस के 5 जवान समेत 9 लोगों की मौत हुई थी। पिछले तीन दशकों के इतिहास पर नजर डालें तो करीब विश्व के करीब 10 संसद भवन भी अलग-अलग कारणों से हमले की शिकार हुए।*




### इन देशों की संसद भी हमले की शिकार

**ब्रिटेन : संसद के बाहर आतंकी हमला, 5 की मौत**
लंदन में 22 मार्च 2017 को वेस्टमिंस्टर पैलेस (ब्रिटिश संसद) के बाहर आतंकी हमला हुआ था। 53 साल के खालिद मसूद अपनी कार से फुटपाथ पार करते हुए संसद में घुसने की कोशिश की थी। हमले में 5 लोगों की मौत और 50 लोग घायल हुए थे।

**श्रीलंका: संसद पर हमला**
श्रीलंका में 1987 में संसद पर ग्रेनेड से हमला हुआ था। 18 अगस्त को हमलावर ने उस कमरे में दो ग्रेनेड फेंके थे, जहां श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने और पीएम रणसिंघे बैठे थे।

**अमेरिका: हिल हिंसा**
अमेरिका में 2020 में राष्ट्रपति चुनाव हुआ था। जिसमें तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हार गए थे। इससे नाराज ट्रंप समर्थकों ने कैपिटल हिल का घेराव कर तोड़फोड़ की।

**चेचन्या: संसद हमला**
रूस के चेचन्या रिपब्लिक की संसद में 2010 में आतंकी हमला हुआ था। 19 अक्टूबर को चेचन्या उग्रवादियों ने ग्रोज्नी में संसद परिसर में हमला किया था। 6 लोगों की मौत हुई थी।

**ब्राजील: घुस गए समर्थक**
दिसंबर 2022 में ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आए। जिसमें राष्ट्रपति बोल्सोनारो की हार हुई। इससे नाराज समर्थक संसद, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे।

**फिलिपींस: धमाका**
13 नवंबर 2007 को फिलिपींस संसद के परिसर में धमाका हुआ था। इसमें एक मुस्लिम सांसद समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी। 1996 में समूह ने सरकार से समझौता कर लिया था।

**तुर्किये: बाहर हमला**
1 अक्टूबर 2023 को तुर्किये की संसद के बाहर फिदायीन हमला हुआ था। फायरिंग में एक हमलावर मारा गया, जबकि दूसरे ने एक्सप्लोसिव डिवाइस एक्टिवेट कर दी।

**ऑस्ट्रेलिया:संसद में आग**
ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आदिवासी संप्रभुता को लेकर प्रदर्शन कारियों ने 30 दिसंबर 2021 को पुराने संसद भवन में आग लगा दी थी। संसद के दरवाजे को आग के हवाले कर दिया था।

**न्यूजीलैंड:संसद में कुल्हाड़ी**
12 जनवरी 2021 को एक शख्स न्यूजीलैंड की पार्लियामेंट में कुल्हाड़ी लेकर घुस गया था। उसने वेलिंगटन स्थित संसद भवन में खिड़कियां और दरवाजे तोड़ दिए थे।

**द.अफ्रीका: संसद में आग**
2 जनवरी 2022 को दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में स्थित संसद भवन में आग लग गई थी। इस वजह से संसद की छत गिर गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया।

### बदलेगी भारत की 'डिजिटल इकोनॉमी' और 'सूचना तकनीक'

# भारत बन रहा है डेटा सेंटर का वैश्विक केंद्र

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सूचना तकनीकी का वैश्विक केंद्र रहा है, और अब पिछले कुछ वर्षों से हम कंप्यूटर हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्माण भी बड़े स्तर पर कर रहे हैं। सूचना तकनीकी हो या आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, इन सभी में आधारभूत जरूरत होती है डाटा की, और वह डाटा कहाँ स्टोर हो रहा है।

कहा उसकी प्रोसेसिंग हो रही है, यह बड़ी ही महत्वपूर्ण बात होती है और जहां यह डेटा स्टोर होता है, और जहाँ विभिन्न कंप्यूटिंग उत्पादों द्वारा डेटा प्रोसेसिंग होती है, वह जगह कहलाती है डेटा सेंटर। बता दें, डेटा सेंटर ऐसी जगह होती है जहां किसी कंपनी की आईटी गतिविधियों को सुचारु रूप से चलने वाले उपकरणों को रखा जाता है। इन गतिविधियों में डेटा को स्टोर करना, सूचनाओं की प्रोसेसिंग करना, नेटवर्क का इस्तेमाल कर उसे कहीं भी भेजना, और कई प्रकार के सॉफ्टवेयर भी यहीं से चलाए जाते हैं।

*कंप्यूटर हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का बड़े स्तर पर निर्माण*

**खास बातें**

- भारत में नए डेटा सेंटर्स बनाने का काम बेहद तेज गति से
- देसी-विदेशी कंपनियां अब भारत में ही अपने खोल रहीं डेटा सेंटर्स

### अमेरिकी डेटा सेंटर में होता है डेटा स्टोर



कभी आपने सोचा है, जो आप सोशल मीडिया इस्तेमाल करते हैं, फेसबुक, वॉट्सएप, इस्टाग्राम, या यूट्यूब जैसे एप्लिकेशन्स कहां से संचालित होती हैं और इनमे आप जो डेटा डालते हैं, वो कहां स्टोर होता है? यह सभी एप्लिकेशन अमेरिकी हैं, और यह मूल रूप से अमेरिका से ही संचालित होती हैं। जहां तक इनमे व्याप्त डेटा की बात है, तो वह डेटा अमेरिकी डेटा सेंटर्स में स्टोर होता है।

### भारत के डेटा सेंटर का बढ़ रहा है आकार

भारत के डेटा सेंटर उद्योग लगभग 5.6 अरब डॉलर है और भविष्य में यह बेहद तेज गति से बढ़ने वाला है। वित्त वर्ष 2025 तक देश के कुल अनुमानित डेटा सेंटर की मांग 2,100 मेगावाट होने की आशा है।

### भारत में हो रहा है अभूतपूर्व काम

भारत में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सरकार द्वारा अभूतपूर्व गति से किए जाने वाले डिजिटलीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे में सुधार, 5जी, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम होने के कारण नए डाटा सेंटर्स बनाने का काम बेहद तेज गति से चल रहा है। डाटा प्राइवेसी जैसे कानूनों की मांग होने लगी है।

EVERY MORNING FRESH MORNING
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
पेट सफा टेबलेट्स
CONSTIPATION
GASTRIC
ACIDITY
Dr. Juneja's पेट सफा NATURAL LAXATIVE TABLETS
यदि आप कब्ज, गैस, एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए पेट सफा आयुर्वेदिक टेबलेट्।
पेट सफा टेबलेट् की आदत भी नहीं पडती और यह पहली रात से असर दिखाती है।
• 24x7 Helpline: 91197 88888
• www.petsaffa.com
• Available at all medical & general stores
No Side Effect
No added Sugar
Granules & Tablets

## क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज

# श्रृंखला में बराबरी करने भारत को करना होगा उलटफेर, मैच आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जोहानिसबर्ग



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को तीसरा टी20 मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी के लिए भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिए सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है। दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिए जूझते नजर आए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली। जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था। लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखला में 4-1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई। अर्शदीप ने बेंगलुरु में पांचवें टी20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिए और उसे चार ही विकेट मिले।

### युवाओं के पासे सिर्फ चार मैच बाकी

टी20 विश्व कप से पहले भारत को अब सिर्फ चार टी20 मैच खेलने हैं और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं हैं। एक साल और चार महीने बाद टी20 मैच खेलने वाले रविंद्र जडेजा भी प्रभावित नहीं कर सके। रिंकू सिंह ने इस प्रारूप में पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और अर्धशतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी। भारत को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### आज से भारतीय महिला टीम का टेस्ट

**नवी मुंबई।** टी20 श्रृंखला में औसत प्रदर्शन के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए गुरुवार को उतरेगी तो अपने अनुभवी स्पिन आक्रमण के दम पर उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच 1986 से अब तक खेले गए 14 टेस्ट में से भारत ने सिर्फ एक गंवाया है। पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रही हरमनप्रीत इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी।

### विश्व कप में आज भारत के सामने जर्मनी

**कुआलालंपुर।** भारतीय टीम जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में गुरुवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया।

मप्र ने सौराष्ट्र को 8 विकेट से हराया

## भोपाल की सौम्या तिवारी के नेतृत्व में मप्र की दूसरी आसान जीत

*सौराष्ट्र की टीम महज 22 रन बनाकर हुई ऑलआउट, कोई भी खिलाड़ी नहीं पहुंच सकी दहाई के अंक तक, सौम्या 2.5 ओवर में 2 रन देकर 2 खिलाड़ी किए आऊट*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला 23 टूर्नामेंट के अंतर्गत एलईडी ग्राउंड नागपुर में खेले गए दूसरे मैच में मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र की टीम को 8 विकेट से हरा दिया है। मैच में सौराष्ट्र की बल्लेबाजी में एक भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सकी। इनमें से 6 बल्लेबाज तो शून्य पर आउट हो गए तथा पूरी टीम 15.5 ओवर में मात्र 22 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भोपाल की सौम्या तिवारी ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 2.5 ओवर में मात्र 2 रन देकर 2 विकेट चटकाए। वहीं धानी बूचड़े ने 3, सच्ची उपाध्याय ने 2, वैष्णवी शर्मा ने सौराष्ट्र की एक बल्लेबाज को पैवेलियन पहुंचाया। इधर बल्लेबाजी करनी उतरी मप्र की टीम ने जरूरी 5.5 ओवर में ही बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसमें मप्र की कनिष्क ठाकुर का 13 और अनुष्का शर्मा का 7 रन का योगदान रहा।

IES PUBLIC SCHOOL
BHOPAL & SEHORE
(Affiliated to CBSE, New Delhi)
JUNIOR YOUNG MIND
TALENT SEARCH - X (2K23)
FREE REGISTRATION
SCHOLARSHIP TEST
FOR GRADE KG I TO X
17th December 23
Sunday, 10:00 AM
WIN Scholarship worth ₹1 Crore & Goodies worth ₹10 lakhs
2024-25 ADMISSIONS OPEN For Nursery to IX & XI
1st PRIZE Laptop
2nd PRIZE Drone with video camera
3rd PRIZE Smart Phone
IES Campus, Ratibad Main Road, Bhopal Call : 9229251475/9111555675

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो
Dr. Juneja's डा. ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका
जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

Acne Clear Cream
Since 1954 DR. SAHEB
पूर्णतः आयुर्वेदिक, स्वदेशी एवं ईमानदार क्रीम याने
मुंहासों के लिए वरदान
CLINICALLY TESTED
कॉलेजियन क्रीम
60 सालों से युवाओं की स्किन केयर, 12 गुणों का विशाल भंडार
AN ISO 9001 : 2008 Certified Company
MRP ₹124/- Now ₹99/- Only. (20 g)
मुहांसे
काले घेरे
स्ट्रेचमार्क्स
एड़ियों का फटना
ताजे जख्म
काले दाग
HD ग्लो
NO SIDE EFFECTS
WOW! पार्लर जैसा GLOW... रोज़ाना
Ayurvedic Multipurpose
The Original collegian Cream
केवल ट्यूब ही लें
आप अपने परिवार के लिये केवल 1 ट्यूब कॉलेजियन क्रीम की अवश्य ले जायें। क्योंकि ऐसी चीजें बनाई नहीं जाती है बल्कि वरदान के रूप में बन जाती है।
amazon.in Flipkart
सर्दियों में त्वचा को कोमल बनाकर ग्लो बढ़ाएं।
An all purpose, all season cream for all ages with proven results (Men, Women & New Born)
Bliss for Acne Prone Skin
Get Dream Like Glow Best for Pimples
Best Skin Care Partner
CUSTOMER CARE 9926054001
दुनिया भर की देशी या विदेशी कंपनियों की कई क्रीम या फेशियल के कई साधन वापरें या फिर केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम हमेशा वापरें। शादी के पहले केवल तीन माह तक कॉलेजियन क्रीम का उपयोग लगातार करें और अपने अंदर एक नया खुबसूरत बदलाव देंखे। स्वयं ही परिणाम देखें आप फिदा हो जाएंगे।
अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में एजेन्सी देना है
केवल होलसेल मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संपर्क - 78708 33333

### ओल्ड कैंपियन, बाबे अली और फेथ मैदान पर होंगे मुकाबले

## 29वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 3 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी का चर्चित 29वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट ओल्ड कैंपियन मैदान पर तीन जनवरी से खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की टीमें भी शिरकत करेंगी। हर साल की तरह टूर्नामेंट तीन ग्रुप में होगा। टूर्नामेंट कलर ड्रेस में व्हाइट बॉल से टी-20 फार्मेट में होगा। टूर्नामेंट के कुछ मैच बाबे अली और फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर भी खेले जाएंगे। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट की तैयारी शुरू हो चुकी है। अधिकतर टीमें ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर सुबह और शाम के सत्र में अभ्यास कर रही हैं। इच्छुक सभी टीमें 30 दिसंबर तक अपनी एंट्री आयोजन समिति के पदाधिकारी डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, इंद्रजीत मौर्य और नवेद इशरत से संपर्क कर सकती हैं। टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल करेंगे। उद्घाटन मुकाबला इंदौर मीडिया और भोपाल मीडिया इलेवन के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट की चैम्पियन टीम को हर साल की तरह चमचमाती ट्रॉफी और एक लाख रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा, जबकि रनरअप टीम को ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपए का इनाम मिलेगा।

### राजा अली के फाइनल में बनाई जगह

## डीसीए सीहोर ने सेंट माइकल को सेमीफाइनल में हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल





डीसीए सीहोर की टीम ने सेंट माइकल को 15 रन से हराकर यहां खेली जा रही राजा अली-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग फ़ाइनल में जगह बनाई। बाबे अली ग्राउंड पर खेले जा रहे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए सीहोर टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए। उसकी ओर से जतिन मेवाड़ा ने 46 रन की उपयोगी पारी खेली। प्रांजल पुरी ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। जवाब में उतरी सेंट माइकल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 153 रन ही बना सकी। उसकी ओर से आयुष यादव ने 41 व संजोग ने 35 रन बनाए। सीहोर के नयनराज मेवाड़ा को तीन और नमन यादव को दो सफलता मिली। नयनराज मैन आफ द मैच बने।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930